* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 106












## न्यूज रील्स

### सुदर्शन मंडल बने जेल आइजी

रांची। राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों को अपने कार्यों के साथ अतिरिक्त प्रभार दिया है। वहीं एक अधिकारी का ट्रांसफर किया गया है। प्रभारी सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ पर प्रभारी सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग रांची और प्रभारी सचिव उत्पाद विभाग रांची, प्रबंध निदेशक जुडको का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रबंध निदेशक झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार जियाडा के पद पर पद स्थापित शशि रंजन को अपने कार्यों के साथ निदेशक खान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निदेशक खेलकूद सुशांत गौरव को अपने कार्यों के साथ निदेशक उद्योग विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव को स्थानांतरित करते हुए निदेशक भू अर्जन, भू अभिलेख एवं परिमाप झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक संगठित अपराध अपराध अनुसंधान विभाग रांची के पद पर स्थापित सुदर्शन प्रसाद मंडल को अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ महानिरीक्षक कारा झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# जल, जंगल और जमीन की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है: राहुल

## दो-तीन पूंजीपतियों को देश की सारी पूंजी सौंप दी गयी है

- सुरक्षा घेरा तोड़ धनबाद में असंगठित मजदूर के घर पहुंचे
- काली बस्ती में चौपाल लगा मजदूरों की सुनी समस्या



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद** । राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को सुबह 8 बजे से पूर्वी टुंडी के हलकट्टा मैदान से शुरू हुई। बैंक मोड़ में सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की रक्षा केवल कांग्रेस ही कर सकती है। यही कारण है कि अपने शासनकाल में कांग्रेस ने पेशा और जमीन अधिग्रहण जैसे कानून बनाये।

**दो-तीन पूंजीपतियों के हाथ सौंप दी देश की संपत्ति :** राहुल गांधी ने कहा कि इस बार की भारत जोड़ो यात्रा में न्याय शब्द जोड़ा गया है। इसके पांच कारण हैं। भाजपा की सरकार में देश को आर्थिक नुकसान हुआ है। दो-तीन पूंजीपतियों को देश की सारी पूंजी सौंप दी गयी है। जीएसटी-नोटबंदी के कारण देश में बेरोजगारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं का भविष्य खराब कर दिया है। पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों में सौंप कर दलित- आदिवासियों के अधिकार को छीना जा रहा है। बोकारो स्टील फैक्ट्री को भी निजी हांथों में सौंपने की तैयारी है।

(पेज 03 भी देखें)

### वह नफरत बांट रहे, हम मोहब्बत की दुकान चला रहे

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस और भाजपा पूरे देश में हिंसा फैला रही है। नफरत बांट रही है। इस नफरत के बाजार में कांग्रेस ने मोहब्बत की दुकान खोल रखी है। राहुल गांधी ने यह वादा भी किया कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की 24 घंटे गारंटी रहेगी।

### राहुल ने एक बालिका को खुली जीप में बैठा लिया

धनबाद (आजाद सिपाही)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सुबह के करीब 9.20 बजे बैंक मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक पहुंची। वह यहां करीब 10 मिनट तक रूके और लोगों को संबोधित किया। इसके बाद वे आगे की तरफ बढ़ गये। इसी दौरान आरसी परवीन नामक एक बालिका उनकी खुली जीप के पास पहुंच गयी। राहुल गांधी ने उसे अपनी जीप पर चढ़ा लिया। उससे कुछ बातें कीं और थोड़ी दूर जाकर वह बालिका जीप से नीचे उतर आयी।

### मजदूर का इशारा पाते ही उसके घर पहुंच गये राहुल

काली बस्ती से जैसे ही राहुल गांधी का काफिला आगे बढ़ा। इसी बीच सुरक्षा को तोड़ते हुए नीतीश नामक युवक राहुल गांधी के सामने आ गया। नीतीश ने बताया कि काफी कठिनाई में उनका घर परिवार चल रहा है। मेरे घर भी एक बार आकर देखिए, राहुल गांधी अपने काफिले से उतर कर नीतीश के घर चले गये। घर जाकर उनके परिवार के सदस्यों से मिले। नीतीश ने बताया कि बगल में आउटसोर्सिंग कंपनी चल रही है, लेकिन रोजी-रोजगार का कोई साधन नहीं मिल रहा है। सबसे ज्यादा धूल और प्रदूषण का शिकार होना पड़ता है।

## धनबाद में बोले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

# हेमंत को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजा गया

- हेमंत ने विपरीत परिस्थिति में भी बेहतर कार्य किया
- जनता लोस-विस चुनाव में देगी करारा जवाब



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन का जेल जाना और इडी के गिरफ्त में आने को भाजपा का साजिश करार दिया। कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का पुत्र हेमंत सोरेन जेल चले गये हैं, तो चिंता करने की कोई बात नहीं, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। सारे झारखंड के कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। झामुमो एक मजबूत पार्टी है और आगे भी रहेगी। अबुआ आवास को भी लेकर चर्चा की। महिलाओं की योजना और कई उपलब्धियां गिनायीं। धनबाद में झामुमो के स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह में शिरकत करने पहुंचे सीएम चंपाई सोरेन ने हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियां गिनायीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और युवा नेता हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति से सभी को दुख है। 2019 में बड़े जनादेश के साथ हेमंत सोरेन जिस दिन से मुख्यमंत्री बने, उस दिन से उन्हें परेशान किया जाने लगा। विपरीत परिस्थितियों में भी हेमंत सोरेन ने कोरोना काल में देश भर में मानव जीवन को बचाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कार्य किया। प्रवासी मजदूरों को बस से ट्रेन से, यहां तक कि हवाई जहाज से भी घर लाया। कोई मुख्यमंत्री ऐसा कार्य नहीं कर सकता। हमेशा से कोयला जैसी चीजों पर बाहरी लोगों का ही राज रहा है। मूलवासी का इससे कोई वास्ता नहीं रहा, फिर भी उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगता है। कहा, पूछना चाहता हूं कि 18 से 19 सालों में अपने राज के दौरान भाजपा ने मूलवासी-आदिवासी के लिए क्या किया। इसी धरती से दिशोम गुरु ने महाजनी प्रथा और शोषण के विरुद्ध डुगडुगी बजायी और संघर्ष किया। यह धरती खनिज संपदा से भरपूर है। यहां का लाभ गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली के लोग ले रहे हैं। आदिवासी-मूलवासी के लिए हेमंत सोरेन ने मॉडल स्कूल खोला। उन्हें पढ़ने के लिए विदेश में भेजा। दो बार नियोजन नीति और स्थानीय नीति बनाकर ऊपर भेजी गयी, लेकिन उसे रद्द कर दिया गया। झूठे मुकदमे में फंसा कर देश के सबसे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा गिरफ्तार करवाया गया। हेमंत सोरेन ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत डीसी-डीडीसी को गरीबों के घरों तक भेजा। उन्होंने अबुआ आवास योजना की शुरुआत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा की सभी 14 सीटें जीतकर इंडी गठबंधन के खाते में डालने का आह्वान किया।

# चंपाई सरकार का फ्लोर टेस्ट आज

### लोबिन ने किया समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति के लिए सोमवार का दिन बेहद अहम है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनेवाले चंपाई सोरेन को अपना बहुमत हासिल करना है। इसके लिए दो दिन (5-6 फरवरी) को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। इस बीच रविवार को चंपाई सरकार को एक विशेष सफलता मिली। सरकार से नाराज चल रहे लोबिन हेंब्रम ने चंपाई सरकार को समर्थन देने का एलान कर दिया है। उन्होंने गुरुजी शिबू सोरेन से मिलने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह चंपाई सोरेन सरकार के साथ हैं। सरकार को कोई खतरा नहीं है। विधानसभा में होनेवाले फ्लोर टेस्ट में वह पार्टी के साथ सरकार के समर्थन में वोट करेंगे। इधर, फ्लोर टेस्ट के दौरान पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी सदन में उपस्थित रहेंगे। इसे लेकर कोर्ट ने अनुमति दे दी है। साथ ही हैदराबाद शिफ्ट किये विधायक भी रांची पहुंच गये हैं। उन्हें सर्किट हाउस में ठहराया गया है। वहीं से ये विधायक एक साथ विधानसभा जायेंगे।

## हेमंत की गिरफ्तारी पर शिबू सोरेन ने साधा निशाना

# बीजेपी ने साजिश कर मेरे बेटे को भेजा जेल

### जब-जब आदिवासी लड़ते हैं, उन्हें जेल भेज दिया जाता हैं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के चार दिन बाद उनके पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। शिबू सोरेन ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर बीजेपी पर जम कर निशाना साधा है। गुरुजी ने कहा कि बीजेपी ने मेरे बेटे को साजिश कर जेल भेजा है। जब-जब आदिवासी लड़ते हैं, उन्हें जेल भेज दिया जाता है। अब हमें एक होकर फिर लड़ना होगा। जो हमें परेशान करते हैं, उन्हें हराना होगा। धनबाद में पांच फरवरी को झामुमो के स्थापना दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर कार्यकर्ताओं के नाम चिट्ठी लिखी। इसमें गुरुजी ने आदिवासियों का आह्वान किया कि आपलोग खूब पढ़ें, आगे बढ़ें। शारीरिक अस्वस्थता के कारण आपलोगों के बीच नहीं आ पाया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर शिबू सोरेन ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि मेरे बेटे को फंसाया गया है। आप लोग उसका जवाब दें।

## आदिवासी एकता महारैली में बंधु तिर्की ने भरी हुंकार

# आदिवासियों को बांटने वाले को छोड़ेंगे नहीं

### राजनीतिक दल-संगठनों को मुंहतोड़ जवाब देंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में रविवार को मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने हुंकार भरी। साफ शब्दों में कहा कि आदिवासियों को बांटनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा। ऐसे राजनीतिक दल और संगठनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। महारैली में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे आदिवासी समुदाय के लोगों ने आदिवासी समुदाय की एकता का संकल्प लिया। झारखंड में आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर मिल कर लड़ने की बात कही। यह महारैली आदिवासियों के ऊपर हो रहे चौतरफा हमले और केंद्र सरकार के जरिये आदिवासियों को संविधान में प्रदत्त सुरक्षा कवच कानूनों को कमजोर करने के खिलाफ आयोजित की गयी। इसके अलावा डीलिस्टिंग का मुद्दा भी उठा। बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों के मुद्दे की अनदेखी कर ना तो सत्ता चल सकती है और ना ही सरकार और ना ही राजनीति। कहा कि नंग धड़ंग, ढोल, मांदर के साथ नाचता हुआ आदिवासी सबको पसंद है, लेकिन ज्यों ही आदिवासी समुदाय हक, अधिकार और हिस्सेदारी की बात करेगा, आदिवासी विरोधी ताकतें एकजुट होकर इसके खिलाफ खड़ी हो जाती हैं। विगत 10 वर्षों में स्थिति और भी बिगड़ी है। मणिपुर से लेकर झारखंड, छत्तीसगढ़ तक जिस किसी भी राज्य में यह समुदाय है, अपने अस्तित्व, अस्मिता बचाने और जीवन जीने की न्यूनतम जरूरतों की पूर्ति के लिए ही लगातार संघर्ष करता आ रहा है। अमृत काल के भाजपा सरकार के नारे के पीछे की सच्चाई यही है कि बहुलता को खत्म करने का षडयंत्र चल रहा है। इन खतरों से अवगत कराने के लिए ही आज इस आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया है, ताकि झारखंड ही नहीं समूचे देश के आदिवासियों के बीच यह संदेश जाये कि एकता, एकजुटता के साथ राजनीतिक चेतना से ही इस समुदाय के अस्तित्व को बचाया जा सकता है।

(पेज 03 भी देखें)

### षडयंत्र को सफल नहीं होने देंगे

बंधु तिर्की ने कहा कि देश की आजादी के संघर्ष में जिनके पूर्वजों ने मुखबिरी की, चुप रहने के लिए पेंशन खायी, आज हमारे शहीदों की कुर्बानी से प्राप्त कानूनों को ध्वस्त करना चाहते हैं। इस षड्यंत्र को हम कभी सफल नहीं होने देंगे। इसका हम मजबूती के साथ विरोध करेंगे। इस महारैली में आदिवासियों का हुजूम उमड़ा था। मोरहाबादी मैदान खचाखच भर गया था।

# पीएम ने असम में मां कामाख्या कॉरिडोर का शिलान्यास किया

## असम में 11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुवाहाटी के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर समेत असम में 11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इसे महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह 498 करोड़ रुपये खर्च कर डेवलप किया जायेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा- अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद मैं अब यहां मां कामाख्या के द्वार पर आया हूं। आज मुझे यहां मां कामाख्या दिव्यलोक परियोजना का शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने का ट्रेंड बना दिया था। कोई भी अपनी जड़ों को काट कर, अतीत को भुला कर सफल नहीं हो सकता। हमारे तीर्थ, हमारे मंदिर, हमारी आस्था के स्थान, ये सिर्फ दर्शन करने की स्थली ही नहीं हैं। ये हजारों वर्षों की हमारी सभ्यता की यात्रा की अमिट निशानियां हैं। भारत ने हर संकट का सामना करते हुए कैसे खुद को अटल रखा, ये उसकी साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि कामाख्या कॉरिडोर का काम जब पूरा होगा, तो यह देश और दुनिया भर से आनेवाले मां के भक्तों को असीम आनंद से भर देगा।

**नॉर्थ-ईस्ट की कनेक्टिविटी और मजबूत करेंगे :** पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे एक बार फिर मां कामाख्या के आशीर्वाद से असम के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स आपको सौंपने का सौभाग्य मिला है। यहां 11 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये सारे प्रोजेक्ट असम और नॉर्थ-ईस्ट के साथ ही दक्षिण एशिया के दूसरे देशों के साथ इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेंगे।

**नीलांचल पर्वत पर कई और मंदिर भी :** नीलांचल पर्वत पर मां कामाख्या देवी के मंदिर के अलावा कई और मंदिर हैं। यहां मातंगी, कमला, त्रिपुर सुंदरी, काली, तारा, भुवनेश्वरी, बगलामुखी, छिन्नमस्तिका, भैरवी, धूमावती देवियों और दशमहाविद्या (देवता के दस अवतार) के मंदिर भी हैं। नीलांचल पहाड़ी के चारों ओर भगवान शिव के पांच मंदिर कामेश्वर, सिद्धेश्वर, केदारेश्वर, अमरतोकेश्वर, अघोरा और कौटिलिंग मंदिर हैं। इन्हीं सबको मिलाकर मां कामाख्या कॉरिडोर तैयार होगा।

### देश में पर्यटन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है

पीएम मोदी ने कहा- आज देश में पर्यटन को लेकर उत्साह बढ़ रहा है। असम में पहले छह मेडिकल कॉलज थे, आज 12 हैं। पहले बड़े संस्थान बड़े शहरों में होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। भाजपा सरकार नॉर्थ ईस्ट के विकास पर विशेष जोर दे रही है। बीते 10 साल में रिकॉर्ड संख्या में यहां टूरिस्ट आये हैं। 2014 तक नॉर्थ-ईस्ट में सिर्फ 10 हजार किमी का नेशनल हाइवे हुआ करते थे। पिछले 10 सालों में ही हमने छह हजार किमी के नये नेशनल हाइवे बनाये हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,100 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# आसान नहीं है भारतीय राजनीति में आडवाणी बनना

## ■ विचारधारा और पार्टी के लिए झोंक दिया जीवन, हर परिस्थिति का किया सामना

## ■ देश में भाजपा केंद्रित राजनीति की रखी नींव, निर्धारित लक्ष्य से कभी नहीं डिगे

**लालकृष्ण आडवाणी, यह नाम सुनते ही एक ऐसे शख्स की छवि सामने आती है, जिसने महर्षि दधीचि की तरह अपनी हड्डियों का दान करने में भी नहीं सोचा। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न'से सम्मानित होना वास्तव में इस उपाधि के लिए गर्व का विषय है। भारतीय राजनीति में न तो लालकृष्ण आडवाणी होना आसान है और न ही उनकी तरह सियासी हैसियत हासिल करना। पार्टी के लिए त्याग, परिवार और भ्रष्टाचार से दूरी को मंत्र बना कर उन्होंने राजनीति में अलग पहचान बनायी। पार्टी और विचारधारा के लिए सारा जीवन झोंक दिया। जीवनपर्यंत पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे और हमेशा खुद की जगह पार्टी को तरजीह दी। आतंकवाद, तुष्टीकरण के खिलाफ उनका रुख वर्तमान पीएम मोदी की तरह ही रहा। अपनी सात दशक की राजनीतिक यात्रा में आडवाणी हमेशा परिवारवाद, भ्रष्टाचार से दूर रहे। जब भी त्याग करने का मौका आया, तो खुद पहल की। राजनीति में विचारधारा और ठोस नीति अपनाने वाले आडवाणी विरले नेता रहे हैं। अपने इन्हीं गुणों, नेतृत्व और संगठन क्षमता की खूबियों के सहारे आडवाणी ने अछूत मानी जाने वाली भाजपा को साल 2000 तक कांग्रेस की जगह राजनीति के केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया था। राजनीति में आदर्श, शुचिता और इमानदारी की मिसाल बन गये आडवाणी जी आज भले ही मुख्य धारा की राजनीति से अलग हैं, लेकिन उनका मशविरा आज भी सक्रिय राजनीतिक व्यक्तियों के लिए अनिवार्य होता है। आडवाणी को 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का फैसला एक आदर्श पुरुष का सम्मान है। लालकृष्ण आडवाणी की शख्सियत के विभिन्न पहलुओं को सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने की घोषणा से लोगों को आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि इस समय देश में वह संभवतः एकमात्र ऐसे राजनीतिक व्यक्ति हैं, जिनके खाते में केवल उपलब्धियां हैं। लालकृष्ण आडवाणी आजाद भारत की राजनीति का ऐसा चेहरा हैं, जिसने राजनीति की धारा को बदल दिया, 1970-1980 के दशक तक के कांग्रेस केंद्रित राजनीति को 90 और 2000 के दशक आते-आते उन्होंने भाजपा केंद्रित बना दिया। 1980 के दशक तक भारत में वामपंथ और दक्षिणपंथ की राजनीति में वामपंथ काफी आगे चल रहा था। 80 के बाद आडवाणी फैक्टर सामने आता है और फर्क की शुरुआत हो जाती है। 90 के बाद के वर्षों में हुए आर्थिक सुधारों की वजह से वामपंथ कमजोर होता गया। वहीं दूसरी तरफ स्वदेशी के नारे के बावजूद भी राष्ट्रवाद मजबूत होता चला गया। और यह मजबूती आडवाणी के नेतृत्व से ही हासिल हुई थी।

### पार्टी फर्स्ट की नीतियों पर जीवन भर चलते रहे आडवाणी

किसी भी पार्टी के लिए आडवाणी से अधिक समर्पित कार्यकर्ता मिलना असंभव जान पड़ता है। 1992 में अपने द्वारा पैदा की गयी 'राम लहर' के बाबजूद उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को नेता मान लिया। 2014 में जब आडवाणी राजनीति में सक्रिय थे, फिर भी पार्टी ने उस समय गुजरात के सीएम रहे नरेंद्र मोदी को आगे बढ़ाया, तो पार्टी के फैसले को आडवाणी ने स्वीकार कर लिया। जबकि पार्टी के इस फैसले के खिलाफ आडवाणी के दौर के ही कई नेता विद्रोह करने तक पर उतर आये थे। लेकिन आडवाणी ने पार्टी के हर फैसले ना सिर्फ स्वीकार किया, बल्कि सिर-आंखों पर भी रखा। 2014 में जिस कालाधन के मुद्दे पर नरेंद्र मोदी सत्ता में आये, वह 2009 में आडवाणी का मुद्दा था, हालांकि उस सम्य उन्हें सफलता नहीं मिली थी।

### जैन हवाला कांड के बाद छोड़ दी थी सांसदी

एक तरफ जहां राजनेता अंतिम समय तक सत्ता और पद बचाने के लिए संघर्ष करते हैं, वहीं ये वही आडवाणी हैं, जिन्होंने सिर्फ आरोप लगने भर से ही संसदीय राजनीति से दूरी बना ली थी। 90 के दशक में जब लालकृष्ण आडवाणी की राजनीति अपने चरम पर थी, तो उसी समय एक डायरी सामने आयी, जिसे 'जैन हवाला कांड' के नाम से जाना जाता है। उसमें कुछ बड़े नेताओं और अधिकारियों के नाम थे। एक पत्रकार ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इस डायरी में लालकृष्ण आडवाणी का भी नाम था। जब इसकी खबर आडवाणी तक पहुंची, उन्होंने तत्काल अपने सांसदी से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि जब तक पाक-साफ नहीं हो जाऊंगा, चुनावी राजनीति में हिस्सा नहीं लूंगा। 1996 के लोकसभा चुनाव में आडवाणी ने भाजपा के लिए जमकर मेहनत की, लेकिन चुनाव में नहीं उतरे। उस चुनाव के बाद 13 दिनों के लिए अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी, तो आडवाणी उस सरकार का हिस्सा भी नहीं बने। नंबर 2 की हैसियत से मुरली मनोहर जोशी ने शपथ ली थी। कुछ दिनों बाद आडवाणी को कोर्ट से क्लीन चिट मिल गयी। अदालत से पाक-साफ होने के बाद आडवाणी की संसदीय राजनीति में वापसी हुई।



### आइडियोलॉजी + इंप्लीमेंट = आडवाणी

आडवाणी की राजनीति की खासियत रही कि उन्होंने विचारों को जमीन पर उतारने के लिए काफी मेहनत की। मंडल कमीशन की रिपोर्ट को जब विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने लागू किया, तो इसे भाजपा के अखंड हिंदुत्व की राजनीति के लिए एक बड़े खतरे के तौर पर देखा गया। उससे पहले भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति की ऐसी स्वीकार्यता नहीं थी। आडवाणी ने चुनौती को स्वीकार करते हुए मंडल बनाम कमंडल के डिस्कोर्स को जन्म दिया। बाद के दिनों में इसके लिए जनसमर्थन हासिल करने के लिए उन्होंने लंबी-लंबी यात्राएं कीं। समय के साथ उनकी राजनीति को बड़ी स्वीकार्यता मिली।

### सिमी पर प्रतिबंध लगाया

लगभग पांच साल तक देश के गृह मंत्री रहने के दौरान लालकृष्ण आडवाणी के फैसलों में विचारधारा को लेकर उनका क्लीयर स्टैंड झलकता है। जिस तरह कुछ समय पहले देश के कई राज्यों में पीएफआइ पर कई घटनाओं को अंजाम देने के आरोप लगे थे, वैसी ही घटनाएं 2000 के दौर में सिमी पर लगे थे। गृह मंत्री रहते हुए आडवाणी ने सिमी पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई विपक्षी दल सिमी पर प्रतिबंध के खिलाफ थे, लेकिन आडवाणी ने न सिर्फ संगठन पर प्रतिबंध लगाया, बल्कि उसके सदस्यों के खिलाफ देश भर में कार्रवाई भी की।

### पोटा कानून के लिए संसद का बुलाया था संयुक्त सत्र

आतंकवाद निवारण अधिनियम, 2002 (पोटा) भारत की संसद द्वारा 2002 में पारित किया गया था। पोटा का उद्देश्य आतंकवाद विरोधी अभियानों को मजबूत करना था। देश की संसद पर 13 दिसंबर 2001 को हुए हमले के दौरान लालकृष्ण आडवाणी गृह मंत्री थे। इस घटना के बाद आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कानून की जरूरत महसूस हो रही थी। हालांकि इस कानून के मसौदे को लेकर विपक्षी दल नाराज थे। भाजपा सरकार के पास राज्यसभा में जरूरी आंकड़े नहीं थे। सरकार ने संसद का संयुक्त सत्र बुलाकर विधेयक पास करवाया था।

### पार्टी ने कहा तो मांग ली माफी

लालकृष्ण आडवाणी ने हमेशा पार्टी को सबसे ऊपर रखा। 2004 में लोकसभा चुनाव हारने के बाद 2005 में आडवाणी पाकिस्तान गये, वहां वह जिन्ना की मजार पर पहुंचे। आडवाणी ने जिन्ना का पाकिस्तान में महिमामंडन किया। लालकृष्ण आडवाणी के कदम का पहली बार भाजपा में ही भारी विरोध देखने को मिला। आरएसएस के नेताओं ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी। भारत वापस आने के बाद जब उन्हें पार्टी में विरोध की खबर मिली, तो उन्होंने माफी मांग ली। विवाद को खत्म कर दिया।

### कुशल संगठनकर्ता और अदर्श राजनेता

आप वैचारिक रूप से आडवाणी के विरोधी हो सकते हैं। लेकिन एक संगठनकर्ता, एक पार्टी कार्यकर्ता एक त्यागी पुरुष के रूप में आपको आडवाणी का सम्मान करना पड़ सकता है। इतने लंबे राजनीतिक जीवन के बाद भी परिवारवाद से दूर रहने वाले आडवाणी ने पार्टी को ही परिवार समझा।

### रथयात्रा ने जीवन की दिशा ही बदल दी

आडवाणी के जीवन की सबसे बड़ी यात्रा सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा रही, जिसमें मैं उनके साथ रथ में नरेंद्र मोदी का साथ बराबर बना रहा। जहां उनकी रथ यात्रा के पहुंचने का समय रात्रि नौ बजे होता था, मार्ग में अत्यधिक उत्साह और भीड़ के कारण इतनी देरी होती थी कि वह रात्रि 1-2 बजे पहुंच पाते थे, फिर भी हजारों लोग उनको सुनने के लिए टिके रहते थे। उनकी रथ की पूजा होती थी, उनके टोयोटा रथ के टायरों की पूजा होती थी, उनको हिंदू पुनर्जागरण का अग्रदूत माना जाता था।

### नियमित जीवन शैली अपनाते हैं

अडवाणी शाकाहारी हैं, नियम के पक्के, बहुत सीमित और काम खाने वाले। उनको चॉकलेट पसंद है और नवीन पुस्तकों का उनके पास भंडार रहता है। उनके ब्लॉग बहुत लोकप्रिय रहे और उनकी आत्मकथा ने रिकार्ड तोड़ बिक्री की थी। वे बहुत भावुक हैं और जरा सी भावनाप्रधान बात पर उनकी आंखें नम हो जाती हैं। उन्होंने कभी अपने बच्चों को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया। उनकी बेटी प्रतिभा में उनके प्राण हैं।

---

## झामुमो ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में पार्टी का 52वां स्थापना दिवस मनाया

# जो 1932 की बात करेगा वही झारखंड में रहेगा: चंपई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झामुमो के 52 वें स्थापना दिवस में रविवार को राज्य के नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में कार्यक्रम स्थल की शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर झारखंड के वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पार्टी का झंडा फहरा कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उनके साथ राजमहल सांसद विजय हांसदा, पार्टी नेता सह सांसद महुआ माजी, जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आज सब का मन दुखी है कि दिशोम गुरु अनुपस्थित हैं। हमारा युवा सम्राट हेमंत भी यहां नहीं हैं। आप सबके साथ मैं भी दुखी हूं। 2019 में इस प्रदेश ने बहुत बड़ा जनादेश हेमंत को दिया, वे मुख्यमंत्री बने। जिस दिन हेमंत सीएम बने, उसी दिन से भाजपा ने उन्हें परेशान करना शुरू किया। हेमंत ने कोरोना के दौरान अपने कुशल नेतृत्व से यहां के लोगों को बचाने का काम किया।




### झारखंड भारत की सोने की चिड़िया

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश मे ऐसा कोई दूसरा मुख्यमंत्री नहीं, जो अपने प्रवासी मजदूरों को हवाई जहाज से घर लाने का काम किया। झारखंड भारत की सोने की चिड़िया है और इस पर भाजपा की गिद्ध दृष्टि है। आदिवासियों और मूलवासियों को लूटने के साथ उन्हें दबाने का काम किया। यह जो खनन हुआ है, वह आज से नहीं, बल्कि 150 सालों से हो रहा है। आदिवासी मूलवासी की जमीन दखल किया। शिबू सोरेन ने इसी धरती से डुगडुगी बजायी और हम सबों को संघर्ष करना सिखाया।

### धनबाद की धरती से झामुमो का उदय

चंपाई सोरेन ने आगे कहा कि धनबाद की इसी धरती से झामुमो का उदय हुआ है। यहां की खनिज संपदा का लाभ बाहर के लोगों को मिला, लेकिन यहां के लोग जस का तस हैं। हेमंत ने यहां के लोगों की जिंदगी सुधारने के लिए यहां मॉडल स्कूल बनाया। आदिवासी व मूलवासी के बच्चों को विदेश तक पढ़ने के लिए भेजा। ये बाहरी भाजपा वाले लोग हमेशा ठगने का काम किया। मूलवासियों के इसी विकास को रोकने के लिए हेमंत के पीछे एजेंसियों को लगा दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अब नाम का धनी प्रदेश है, लेकिन मूलवासी नहीं। इसलिए, झारखंड को संवारना है। बहुत पहले मैं गुरुजी के साथ धनबाद के सरायढेला आया था। तब समझ में आया कि यह राज्य बहुत ही संपन्न है। हेमंत ने यहां के आदिवासियों को अधिकार देने की लिए स्थानीय नीति बनायी, लेकिन भाजपा ने कुछ नही किया। भाजपा के साथ कुछ हमारे भी लोग हैं, जिन्हें पहचानना होगा।

### चंपाई ने भाजपा पर साधा निशाना

सीएम ने कहा हेमंत की योजनाओं से भाजपा डरती है। भाजपा कहती है गांव में चलो, लेकिन सच में यदि गांव में भाजपा जायेगी तो हेमंत सोरेन की हर योजना प्रत्येक घर मे मिलेगी। हेमंत ने जो जनादेश 2019 में प्राप्त किया है उसे फिर दोहरायेंगे। यह शपथ लेनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो 1932 की बात करेगा, वही झारखंड में रहेगा।

### विजय हांसदा ने क्या कहा

इस दौरान सांसद विजय हांसदा ने कहा कि आज खुशी है, गम और चिंता भी है। हेमंत सोरेन को जिस प्रकार से फंसाने का काम भाजपा ने किया है उसकी निंदा होनी चाहिए। सरकार की नीतियों को राजभवन खारिज कर देती है, ताकि पार्टी का जनाधार न बढ़ पाये। हेमंत सोरेन ने अपनी योजनाओं के माध्यम से अधिकारियों को जनता के बीच भेजने का काम किया। विजय हांसदा ने कहा कि झारखंड में केवल एक हेमंत नही बल्कि हम सब हेमंत सोरेन हैं। उनके उस कथन पर पूरी सभा से जोरदार आवाज उठी, हम सभी हेमंत सोरेन हैं। इस नारे को हांसदा ने जितनी बार दोहराया उतनी बार सभा से आवाज उठती रही।

### शिबू सोरेन का संदेश पढ़ा: विजय हांसदा

सांसद हांसदा ने सभा के दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संदेश भी पढ़ा, जिसमे यह बताया गया कि कार्यक्रम में नही आने को लेकर शिबू सोरेन दुखी हैं । लेकिन इससे हार नहीं मानना है। झारखंड की जनता ने दुर्गा सोरेन, हेमंत सोरेन और बसंत को बहुत प्यार दिया है। भाजपा ने हेमंत को फंसाने का काम किया है। हम लोग लड़ेंगे। लोग दारू न पिएं और आने वाले चुनाव में झामुमो के नेताओं को जिताने का काम करें।

---

## आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना स्वागतयोग्य निर्णय: सीपी सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, वरिष्ठतम नेता, प्रखर राष्ट्रवादी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा अत्यंत सुखद है। कहा कि 8 नवंबर 1927 को जन्मे लालकृष्ण आडवाणी संघर्ष और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की यात्रा पर निकल पड़े। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ उनका जुड़ाव 1942 से है, जो राष्ट्रप्रथम के प्रति उनकी प्रारंभिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जनसंघ के साथ आडवाणी का जुड़ाव 1951 में शुरू हुआ और पार्टी के लिए उनके अथक प्रयासों ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी। उनकी पहली चुनावी जीत 1970 में हुई, जब वह राज्यसभा के लिए चुने गये।

## आडवाणी ने राष्ट्रीयता की भूख जगायी: धर्मेंद्र



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के निर्णय का स्वागत भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने किया। कहा कि लालकृष्ण आडवाणी ने हमेशा बेहतरीन शासन देने की कोशिश की। राम मंदिर की स्थापना हो गयी, पर राम मंदिर के लिए रथ यात्रा निकाल कर भारतवर्ष में जनमानस को जगाया। सरकार की परवाह नहीं की और भगवान राम को स्थापित करने में बड़ा योगदान रहा। इसे भारतीय भूल नहीं सकते हैं। भारत में राष्ट्रीयता की भूख जगायी। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने में बहुत पूर्ण प्रयास किया। जनमानस को जगाया, आगे बढ़ाया। अटल बिहारी वाजपेई के सानिध्य में महत्वपूर्ण कार्य किये। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को हमेशा याद रखा। सरकार के इस निर्णय के लिए श्री आडवाणी को सम्मान देने के लिए धन्यवाद।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 11.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



## आदिवासी संगठनों ने डीलिस्टिंग के खिलाफ आदिवासी एकता महारैली में लिया संकल्प

# मोदी सरकार आदिवासियों को बांटना चाहती है: शिवाजीराव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी संगठनों ने कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के आह्वान पर रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया। महारैली में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे आदिवासी समुदाय के लोगों ने आदिवासी समुदाय की एकता का संकल्प लिया। साथ ही झारखंड में आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर मिल कर लड़ने की बात कही। महारैली में बंधु तिर्की पारंपरिक परिधान में काठ के घोड़े पर सवार होकर मंच पर पहुंचे। यह महारैली आदिवासियों के ऊपर हो रहे चौतरफा हमले और केंद्र सरकार के जरिये आदिवासियों को संविधान में प्रदत्त सुरक्षा कवच कानूनों को कमजोर करने के खिलाफ आयोजित की गयी। इसके अलावा डीलिस्टिंग का मुद्दा भी उठाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कांग्रेस आदिवासी मोर्चा के चेयरमैन शिवाजीराव मोघे शरीक हुए। श्री मोघे ने कहा कि 14 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व-अस्मिता को रौंद कर मोदी सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता लाया जायेगा। अगर ऐसा हुआ तो संविधान प्रदत्त अनुसूचित क्षेत्रों का क्या होगा, जिनके नियंत्रण और प्रशासन के लिए विशिष्ट प्रावधान किये गये हैं। हमारी प्रथा (कस्टम ) रूढ़ि, जिसे कानूनी मान्यता प्राप्त है, इसका क्या हश्र होगा ? हमारे कानून संस्कृति और रीति-रिवाजों से जुड़े हैं, सभी समाप्त हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है। संविधान में आदिवासियों को आरक्षण जाति के आधार पर दिया गया है, धर्म के आधार पर नहीं। भाजपा की मोदी सरकार आदिवासियों को बांटना चाहती है। उनके इस नापाक मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देंगे।

**वासवी ने मुंगेकर की रिपोर्ट पर रोशनी डाली :** वासवी किड़ो ने डॉ भालचंद्र मुंगेकर की रिपोर्ट के आधार पर आदिवासी समाज की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई मामलों में आदिवासियों की स्थिति काफी खराब है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग डीलिस्टिंग का मुद्दा उठा रहे हैं लेकिन उन्हें पता होना चाहिए कि आदिवासी एथनिसिटी का धर्म से कोई नहीं है। झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की ने कहा कि जिस उम्मीद और कल्पना पर अलग राज्य मिला, वह अब तक साकार नहीं हुआ है।

### संघ और भाजपा पर जम कर हमला, कहा-षडयंत्र हो रहा है, सावधान रहें







### आदिवासियों को विभाजित करने का षडयंत्र: दयामनी

सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई जल-जंगल-जमीन, सीएनटी एसपीटी, विलकिंसन, पांचवीं अनुसूची और परंपरागत अधिकारों के सवाल पर लड़ी गयी थी। आज हालत यह है कि झारखंड में आदिवासियों को बांटने का काम किया जा रहा है। सरना-ईसाई के नाम पर आदिवासियों को विभाजित करने का काम किया जा रहा है। इसे खत्म करना होगा। झारखंड में हम लोगों ने कई आंदोलन सामूहिक लड़ाई से जीते हैं।

### खान, खनिज की लूट जारी है: मार्डी

कार्यक्रम के दौरान कुमार चंद्र मार्डी ने कहा कि जिस सोच के साथ झारखंड अलग राज्य बना था, वह सोच आज कहीं नजर नहीं आ रही। मोदी सरकार के आने के बाद से आदिवासी समुदाय के समक्ष चुनौतियां बढ़ी हैं। जल, जंगल, जमीन, खनिज आदि की लूट जारी है। आज आदिवासी अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों और संगठनों में हैं, लेकिन उन्हें झारखंड के मूल मुद्दे को लेकर आपसी एकता, समझ और समन्वय बढ़ानी चाहिए।

### संघ और भाजपा आदिवासियों को लड़ाना चाहती है: बलमुचू

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने कहा कि संघ और भाजपा आपस में लड़ा कर राज करना चाहती है। इसे सफल नहीं होने देंगे। 2024 के चुनाव में इसका करारा जवाब मिलेगा।

### सपना साकार नहीं हुआ: प्रभाकर

झारखंड राज्य पांचवीं अनुसूची में है, और जब तक पेसा कानून और ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार नहीं मिलता है, अलग राज्य का सपना साकार नहीं होगा। इसके अलावा लक्ष्मी नारायण मुंडा, अजय तिर्की, रतन तिर्की, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, रमा खलखो सहित कई और वक्ताओं ने भी महारैली को संबोधित किया। इस रैली में आदिवासी परिधानों में लोग उमड़े थे। रैली में आये लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है, परंतु स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव।

**वृष** प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे, क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है।

**कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।

**कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है, विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।

**मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा, कारोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** नई नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना, विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे।

**मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

## मुख्यमंत्री ने विधि-व्यवस्था को लेकर अधिकारियों संग की बैठक

# अपराध मुक्त झारखंड प्राथमिकता : चंपाई

- जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की जांच के लिए एसआइटी का होगा गठन
- दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य में विधि व्यवस्था और अपराध नियंत्रण से संबंधित उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से दोटूक कहा कि अपराध मुक्त झारखंड, राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसमें अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की विस्तृत जानकारी रखी।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अवगत कराया कि पिछले दिनों नामकुम थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने जेएसएससी बिल्डिंग में तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया है, जिस पर पुलिस प्रशासन ने एफआइआर दर्ज की है और अनुसंधान भी जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआइटी का गठन कर जल्द से जल्द मामले का उदभेदन कर दोषियों की गिरफ्तारी की जाये। साथ ही कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने धनबाद के झरिया में हुई घटना की भी जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झरिया में घटित घटना पर एफआइआर दर्ज कर त्वरित जांच की जाये। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि इस घटना पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। कई गिरफ्तारियां भी की गयी हैं। अनुसंधान जारी है।

**रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग में विशेष ध्यान रखें :** मुख्यमंत्री ने हत्या अपराध से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि हत्या के मामलों में जरूर कमी हुई है, लेकिन इनका शीघ्र उद्भेदन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रांची, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और हजारीबाग में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान रखें। क्योंकि ऐसी जगहों पर कोई अपराध होता है, तो इसका नकारात्मक असर पूरे राज्य में पड़ता है।

**पॉक्सो एक्ट जघन्य अपराध, नियंत्रण पर हो काम :** मुख्यमंत्री ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पॉक्सो के मामलों में भी निरंतर कमी आयी है। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पॉक्सो एक अत्यंत जघन्य अपराध है। इसके तहत दर्ज मामलों के अनुसंधान में कोई कोताही नहीं बरती जाये, यह सुनिश्चित करें।

**जेल से अपराध को बढ़ावा देनेवालों पर कड़ी कार्रवाई करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी भी खबरें मिल रही हैं कि जेल के भीतर से ही कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का गैंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उन पर कड़ी कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एटीएस में एसपी-डीएसपी की पोस्टिंग शीघ्र की जाये।

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान संजय लाठकर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।



### हत्या, महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट के मामलों का उद्भेदन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने महिला अत्याचार से संबंधित समीक्षा की। इस संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य में विधि व्यवस्था संधारण में प्रयासों की वजह से सांप्रदायिक एवं संवेदनशील घटनाओं में कमी आयी है। झारखंड पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाई से अपराध शीर्ष यथा दहेज प्रताड़ना, चोरी, पॉक्सो एवं हत्या के मामलों में भी कमी आयी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दहेज हत्या के मामलों का शीघ्र उद्भेदन किया जाना सुनिश्चित करें। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके, इसके लिए अनुसंधान ससमय पूरा करें।

### अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराध नियंत्रण में सहायक सभी संसाधन शीघ्र खरीदें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव के लिए वायरलेस उपकरणों के क्रय के लिए प्रशासनिक स्वीकृति और बजट उपलब्धता के लिए गृह विभाग से पत्राचार किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव-डीजीपी सभी जिलों के डीसी-एसपी के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर शीघ्र बैठक करें।

# हेमंत की गिरफ्तारी और रिमांड पर दायर याचिका की सुनवाई आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी की कार्रवाई को लेकर दायर याचिका की सुनवाई सोमवार को हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में होनी है। इसे लेकर हेमंत सोरेन की ओर से हाइकोर्ट में एक हस्तक्षेप याचिका दायर कर उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी गयी है। दायर आइए में कहा गया है कि उनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है। राजनीतिक विद्वेष के कारण उनकी गिरफ्तारी की गयी है। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी गलत है। हेमंत सोरेन की ओर से इडी कोर्ट द्वारा उन्हें पांच दिनों की दी गयी रिमांड को भी इस आइए के माध्यम से चुनौती दी गयी है। दरअसल, इससे पहले हेमंत सोरेन की दायर क्रिमिनल रिट में गिरफ्तारी के पूर्व इडी द्वारा उन्हें भेजे गये समन को चुनौती दी गयी थी। बता दें कि मामले में 1 फरवरी को सुनवाई में हेमंत सोरेन की ओर से बदली हुई परिस्थिति में आइए दाखिल करने के लिए दोपहर 12 बजे का समय कोर्ट से मांगा गया था, लेकिन कोर्ट ने समय देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद दोपहर 2.15 बजे हेमंत सोरेन की ओर से इसे लेकर याचिका दायर कर सुप्रीम कोर्ट में इसी से संबंधित केस की सुनवाई निर्धारित किये जाने का हवाला देते हुए हाइकोर्ट में दायर इस क्रिमिनल केस को वापस लेने का आग्रह किया गया था। लेकिन इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया एसवी राजू ने दिल्ली से मामले में ऑनलाइन हिस्सा लेते हुए कोर्ट से हेमंत सोरेन की याचिका पर इडी का जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा था, जिस पर सुनवाई की तिथि 5 फरवरी को सुबह 10.30 बजे निर्धारित की गयी है।



# सीधी बहाली करे सरकार: एस अली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिहार सरकार की ओर से वर्ष 1999 में सृजित 4401 उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों के विरुद्ध उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों की तीन गुना कम संख्या को देखते हुए सीधी बहाली की मांग की गयी। इसे लेकर 4 फरवरी को राज्य के विभिन्न जिलों से आये उर्दू टेट अभ्यर्थियों की मैराथन बैठक अंजुमन प्लाजा कॉफ्रेंस हॉल में हुई। बैठक में अल्पसंख्यक मामले के जानकार एस अली ने कहा कि पहले सहायक शिक्षक के पद को गलत तरीके से सहायक आचार्य बनाकर ग्रेड पे घटा कर विज्ञापन जारी करवा दिया गया। अब शिक्षा विभाग उर्दू सहायक शिक्षक के पद को सहायक आचार्य बनाने के लिए नियमावली अधिसूचित की गयी। सरकार को मालूम होना चाहिए कि सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के आधार पर राज्य में कक्षा एक से पांच और छह से आठ के लिए लगभग 800 उर्दू टेट उत्तीर्ण हैं, जबकि उर्दू शिक्षक के रिक्त पदों की संख्या 3712 है, जो अभ्यर्थियों की संख्या से लगभग तीन गुना अधिक है।




## जैसा देखा जैसा सुना

# राहुल के स्वागत में कोयलांचल ने बिछाये पलक-पांवड़े

### लोगों ने किया अभिवादन, तो राहुल ने किया जोहार

**शब्बीर हुसैन**

**धनबाद।** राहुल गांधी के स्वागत के लिए हर आम और खास ने पलक-पावड़े बिछा दिये। जिसको जहां जगह मिली, वहीं से हाथ हिला कर अभिवादन किया। इसके जवाब में राहुल गांधी भी पूरे जोश-खरोश के साथ हाथ हिलाते और जोहार करते आगे बढ़ते रहे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को गोविंदपुर, सरायढेला, स्टील गेट होते हुए धनबाद पहुंची। बैंक मोड़ में राहुल ने गाड़ी पर बैठ कर ही 10 मिनट तक जनता को संबोधित किया। इसके बाद वह मटकुरिया रोड, गोधर, करकेंद मोड़, पुटकी महुदा होते हुए बोकारो के लिए रवाना हो गये। इस दौरान धनबाद पहुंचने पर सबसे पहले सरायढेला स्थित झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के आवास रघुकुल के बाहर हर्ष सिंह के नेतृत्व में परिवार के सदस्यों ने राहुल गांधी का स्वागत किया। इसके बाद स्टील गेट होते हुए यात्रा रणधीर वर्मा चौक पहुंची। यहां से यात्रा डीआरएम चौक होते हुए श्रमिक चौक और बैंक मोड़ पहुंची। इस दौरान न्यायालय के समीप बार एसोसिएशन के कार्यालय के समीप अधिवक्ताओं ने राहुल का स्वागत किया। इस दौरान एक महिला अधिवक्ता राहुल के गले भी लग गयी।



## सेल्फी लेने और हाथ मिलाने की होड़

### धनबाद में न्याय यात्रा

जब-जब राहुल गांधी अपनी खुली जीप पर खड़े हुए, तब-तब उनके साथ सेल्फी लेनेवालों की होड़ मची रही। वहीं दूसरी ओर हर चौक-चौराहे पर राहुल के स्वागत में खड़े कंग्रेसी उनसे हाथ मिलाने को बैचेन दिखे। यात्रा के बैंक मोड़ पहुंचने पर राहुल का स्वागत जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने किया। इस दौरान राहुल गांधी से हाथ मिलाने को कांग्रेसी आपस में ही धक्का-मुक्की करने लगे। वहीं कांग्रेसी राहुल की जीप पर भी चढ़ने को आतुर दिखे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के प्रयास से जिलाध्यक्ष संतोष सिंह किसी प्रकार से राहुल गांधी की खुली जीप पर सवार हो गये, जबकि अन्य को सुरक्षा गार्डों ने जीप से उतार दिया।

### मजदूर के घर गये, जानी समस्या

धनबाद में राहुल न्याय यात्रा के दौरान गाड़ी से उतर सीधा असंगठित मजदूर से मिले। मटकुरिया रोड में मुक्तिधाम के समीप राहुल को देखने एक कुत्ते के साथ खड़े व्यक्ति से कुत्ता ले लिया और अपनी गाड़ी पर रख उसे बिस्किट खिलाया और उस व्यक्ति से भी बात की। इसके बाद वह गोधर पहुंचे। यहां से उनका काफिला मुड़कर काली बस्ती पहुंच गया। यहां कोयला चुन कर अपनी जीविका चलाने वाले मजदूरों से मिले। राहुल गांधी ने यहां पर नीतीश धारी, गायत्री और अन्य मजदूरों से मिले। मजदूरों ने बताया कि यहां बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। रोजी-रोटी का बेहतर साधन नहीं होने के कारण सभी को माइंस के अंदर जाकर कोयला निकालकर बेचना पड़ता है। धूल और प्रदूषण के बीच रहकर जिंदगी गुजारनी पड़ रही है। गायत्री ने बताया कि वह मैट्रिक पास है। सेना में बहाली में जाना चाहती है। लेकिन जाति और आवासीय प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। पानी की कोई व्यवस्था यहां पर नहीं है।






### राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है आजसू

# युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने की क्षमता है : सुदेश

**रांची के सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी का थामा दामन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे संवारने की क्षमता है। बस जरूरत हैं इन्हें सार्वजनिक मंच प्रदान करने का। आजसू पार्टी जनता की सेवा करने और युवाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का एक सशक्त मंच है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कांके स्थित आवसीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान कहीं। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में रांची के सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की।

मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति में युवाओं का आगमन राज्य की उन्नति के लिए शुभ संकेत है। आजसू पार्टी में युवा जोश और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का अनुकूल समावेश है। राज्य सरकार ने युवाओं को नियुक्ति के नाम पर ठगा है। राज्य के युवा सत्ता बदलाव के लिए आतुर हैं। युवा शक्ति के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। इसके लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। युवाओं के हक और अधिकार की लड़ाई हमने लड़ी है और आगे भी लड़ेंगे।

**इन्होंने ली सदयस्ता-** संदीप राम, अजीत महली, दीपक गोप, रमेश कुमार साहू, सुनील साहू, ऋतिक महली, निखिल राम, रवि महतो, कर्मा राम, राजेश लोहरा, शिवा साहू, बबलू राम, विशाल बड़ाइक समेत कई अन्य ने पार्टी का दामन थामा। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, महिला जिलाध्यक्ष बीना देवी, डॉ सुधीर यादव उपस्थित थे।

## ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन आज


रांची (आजाद सिपाही)। रांची शहर के मोराबादी मैदान में ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन सोमवार को होगा। यह एक्सपो 18 फरवरी तक चलेगा। इसका आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जागृति फाउंडेशन के तरफ से हो रहा है। इस एक्सपो का इंतजार आम जनों को बराबर रहता है। इस ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन शाम पांच बजे मुख्य अतिथि एमएसएमइ के क्षेत्रीय निदेशक इंद्रजीत सिंह और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय में हस्त शिल्प के सहायक निदेशक पुष्प राजन द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी संजीव तिवारी ने दी।

## खालसा मेहर और रोट्रैक्ट क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। खालसा मेहर और रोट्रैक्ट क्लब ऑफ जेवियर्स की ओर से रांची क्लब के रोटरी हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। खालसा मेहर संस्था के अध्यक्ष जयंत मुंजाल का कहना है कि संस्था रक्तदान के क्षेत्र में काम कर रही है। इस कार्यक्रम में जयंत मुंजाल, निखिल जालान, हर्षवर्धन, जय गाबा, अमन सहाय, आदित्य कुमार, शिवम सिंह, साहिल सोनी, अंशु, सुधांशु उपस्थित थे।

# सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक हैदराबाद से लौटे, फ्लोर टेस्ट में आज होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हैदराबाद के रिजॉर्ट में ठहरे झामुमो और कांग्रेस विधायक वापस रांची पहुंचे। वे 5 फरवरी को होनेवाले चंपाई सोरेन सरकार के बहुमत परीक्षण में शामिल होंगे। टूट या हार्स ट्रेडिंग की आशंका के कारण विधायकों को हैदाराबाद में शिफ्ट किया गया था। 2 फरवरी को सभी विधायकों को चार्टर्ड प्लेन से हैदराबाद भेजा गया था। सभी को हैदराबाद के लियोनिया रिजॉर्ट में रखा गया। हैदराबाद एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता प्रणव झा ने बताया कि बीजेपी ने उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश की थी, इसलिए सभी विधायकों को हैदराबाद लाया गया था।

# शिव बारात आयोजन समिति का अध्यक्ष बने रमेश सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति की आवश्यक बैठक इंद्रपुरी शिव मंदिर रातू रोड प्रांगण में समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। रमेश सिंह की अध्यक्षता में श्रीश्री शिव बारात आयोजन समिति का विस्तार किया गया। मुख्य संरक्षक बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश, आशा लकड़ा, सुदेश महतो को बनाया गया। संरक्षक मंडल में हरविंदर सिंह बेदी, बिंदुभूषण दुबे, विनय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, डॉ मिंटू चौबे, राहुल अवस्थी, सुनीता देवी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, विक्की यादव, संजीव चौधरी, अजय छाबरा, चेतलाल रामदास, सुजीत सिंह, ऋषिनाथ शाहदेव, नंदकिशोर अरोड़ा शामिल हैं। अध्यक्ष रमेश सिंह को बनाया गया। साथ ही वरीय उपाध्यक्ष गौरव बजाज, सुमित बजाज, कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पपनेजा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, हीरालाल पपनेजा, अशोक बजाज, हरजीत सिंह, कौशल कुमार चौधरी, गिरिधारी लाल वर्मा, विकास राज गुप्ता को बनाया गया।

बारात संयोजक विजय कुमार बिज्जू हैं। सचिव शैलेंद्र कुमार, सह सचिव राकेश अरोड़ा, नीरज जयसवाल, कोषाध्यक्ष रवि अरोड़ा, सह कोषाध्यक्ष संजय अरोड़ा, संगठन मंत्री शंकर किन्नर, संजय अग्रवाल, बारात प्रभारी अनिल गुप्ता, चंदन, बच्चन चौधरी, गौरव गिरीधर, राजू, बंटी बनाया गया है। इसके अलावा मीडिया प्रभारी नमन भारतीय, विवेक राज गुप्ता, राजू प्रसाद, कार्यकारी सदस्य साकेत, वैभव विक्रम, तनु, सतीश को बनाया गया।

### साइंस-क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखायी वैज्ञानिक सोच

# जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है शिक्षा : आलोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची पब्लिक स्कूल में रविवार को साइंस एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि स्कूल के संस्थापक एम सईद, विशिष्ट अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, स्कूल के निदेशक प्रोफेसर जावेद अहमद, स्कूल के सचिव मो तौहीद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

आलोक कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं। सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षा मानव जीवन के हर पहलू पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। इसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किये। मौके पर प्रोफेसर जावेद, मो तौहीद, प्रिंसिपल सना जावेद, वाइस प्रिंसिपल शबनम परवीन, मो नौशाद, सरफराज, लिटिल एंजल्स स्कूल के निदेशक मसूद कच्छी, समाजसेवी मो इस्लाम, मो मुन्ना समेत अन्य उपस्थित थे।

# 18 को होगी झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की रैली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा की अध्यक्षता में रविवार को श्री विश्वकर्मा धाम सेवा समिति मंदिर में महत्वपूर्ण बैठक हुयी। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी 18 फरवरी को मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित विश्वकर्मा अधिकार रैली को सफल बनाने पर चर्चा हुयी। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संतोष कुमार को रैली तैयारी कमिटी का अध्यक्ष नियुक्त किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि तैयारी कमिटी को रांची के चारों जोन में प्रचार प्रसार बृहद रूप से करने और समाज के अंतिम ब्यक्ति तक यह खबर पहुंचना साथ ही एक दिन अपने अपने प्रतिष्ठान को बंद कर 18 फरवरी को विश्वकर्मा अधिकार रैली में शामिल हों। तैयारी कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि लाखों की संख्या में रैली में भाग लेने के लिये सभी को एक जुट होकर प्रचार प्रसार करना होगा। साथ ही रांची में एक दिन मोटरसाइकिल रैली निकाली जायेगी। वहीं रांची में प्रचार गाड़ी भी भ्रमण करेंगी। आज की बैठक में मुख्यरूप से प्रदेश संरक्षक शिव किशोर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार, प्रदेश प्रधान महासचिव संतन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शंकर विश्वकर्मा, प्रदेश सहायक कोषाध्यक्ष, दिलीप शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री रमेश मिस्त्री, मनोज विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, कृष्णा शर्मा, अशोक शर्मा, दीपक राणा सहित सुबोध कुमार शर्मा, रामजतन शर्मा, रमेश शर्मा, पिंटू शर्मा, अवधेश शर्मा, गौतम शर्मा, संदीप शर्मा, रंजीत शर्मा, शंकर राणा, दिलीप शर्मा, अरविंद शर्मा, विक्की शर्मा, जितेंदर शर्मा, रामसकल शर्मा, अरुण, भीम, मुकेश राणा सहित अन्य मौजूद थे।

# हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष बने निशांत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हिंदू जागरण मंच महानगर के तत्वावधान में दो दिवसीय महानगर अभ्यास वर्ग रविवार को विशालाक्षी बैंक्वेट हॉल पिस्का मोड़ में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह धनंजय की उपस्थिति में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव ने निशांत चौहान को हिंदू जागरण मंच रांची महानगर का अध्यक्ष बनाया। इस प्रथम अभ्यास वर्ग में 55 कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। सभी ने उत्साह से भविष्य में हिंदू समाज और हिंदुत्व के लिए कार्य करने का प्रण लिया। इसमें सह संयोजक विक्रम शर्मा, रत्नेश कुमार, मनोज उपस्थित थे।

### वैश्य मोर्चा ने राहुल से किया मांग पूरी कराने का आग्रह

# विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना 20 को

**रजरप्पा में प्रशिक्षण शिविर 24 को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू की अध्यक्षता में हुई। इसमें 30 जनवरी को रामगढ़ में संपन्न आक्रोश सम्मेलन की समीक्षा, संगठन विस्तार, वैश्यों की जमीन लूट के बढ़ते मामले, आगे की रणनीति तय की गयी थी। बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा गया कि रामगढ़ अनुमंडल प्रशासन द्वारा भूख हड़ताल की अनुमति नहीं दिये जाने के बाद भी 30 जनवरी को रामगढ़ में ही विशाल आक्रोश सम्मेलन आयोजित कर वैश्य मोर्चा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा दी। निर्णय लिया गया कि 18 फरवरी भुरकुंडा में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू की माता सहोदरी देवी की 12वीं पुण्यतिथि आयोजित की जायेगी। 20 फरवरी को अपनी मांगों को लेकर विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना आयोजित किया जायेगा। 24 फरवरी को रामगढ़ जिला के रजरप्पा में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 200 कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इसमें हीरानाथ साहू, योगेंद्र प्रसाद, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहू, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# 77 लोगों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच हुई




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेसीआइ की ओर से रविवार को ऑफिस में 77 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच करायी गयी। साथ ही उन 77 लोगों में से 14 लोगों का मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। यह कार्यक्रम जेसीआइ और भगवान महावीर आइ हॉस्पिटल के सौजन्य से कराया गया। जेसीआइ के अध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि हमारे समाज में बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जिन्हें मोतियाबिंद की बीमारी है, पर वह किसी कारण ऑपरेशन नहीं करा पाते हैं, तो इस तरह के कार्यक्रम से उन्हें फायदा मिलेगा। मौके पर रोहित जैन, निखिल अग्रवाल, यश जालान, ऋषभ जालान, मयंक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, ऋषभ जैन, दीपक पटेल, भगवान मेडिका आइ हॉस्पिटल के अध्यक्ष पूरणमल जैन, समन्वयक डॉ वीके जैन, हरीश, एसएन प्रसाद, आशावादी जूही, ममता, दुब्रज के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पीएम आवास निर्माण योजना में पेटीदारों का फंसा लाखों रुपये

### जिम्मेदार बाहरी कांट्रैक्टर कंपनी फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** जिला के गम्हरिया प्रखंड में आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत मिरुडीह में शहरी क्षेत्र के लिए बनाया जा रहा प्रधानमंत्री आवासीय योजना का 741 फ्लैट बनाने का काम अविनाश इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी रायपुर छत्तीसगढ़ को दिया गया है, जो पांच वर्ष बीत जाने पर भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर सका और कंपनी के को-ऑर्डिनेटर अमित त्रिपाठी ने तो हद कर दिया, जब यहां के लोगों को पेटीदारी में काम देने के बहाने लाखों रुपये फंसा दिया। जब इसकी शिकायत पेटीदारों ने श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर को लिखित आवेदन देकर की, तो उन्होंने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए नोटिस जारी कर कार्यालय में उपस्थित होकर पक्ष को रखने के लिए कहा। लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। ना ही न्यूनतम ठेका मजदूरों का बकाया राशि का भुगतान किया। ऐसे में सवाल उठने लगा है कि क्या श्रम विभाग के अधिकारी स्थानीय पेटीदारों को बिना शर्त पर काम करायें गये अमित त्रिपाठी पर शिकंजा कसने में कामयाब हो पायेंगे।

# अधिकार लेना है, तो सदान मोर्चा के आह्वान पर करें वोट: राजेंद्र



**सदानों का अधिकार मार्च रैली सात को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों के अधिकार को लेकर आज ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि मूलवासी सदान मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के शहीद स्मारक जिला स्कूल से राजभवन तक विशाल पैदल मार्च रैली आयोजित की जायेगी। इसके बाद सदानों की विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा। केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया। सदानों को अधिकार लेना है, तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट करें। कहा कि राज्य में अंतिम सर्वे के आधार पर स्थानीय नीति, नियोजन नीति जल्द से जल्द बनाकर राज्य में बेरोजगारी से जूझते झारखंडी छात्रों को रोजगार दिया जाये। मौके पर मोर्चा के सलाहकार क्षितिश कुमार राय, पूर्व पार्षद विजय साहू, प्रभा देवी, आरती देवी, विशाल सिंह, मोहर राम, पप्पू साहू, अमित, प्रोफेसर अरविंद प्रसाद, योगेश प्रजापति, बलबीर समेत अन्य मौजूद थे।

## पासवान महासम्मेलन को लेकर 24 जिलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

रांची। पासवान महासम्मेलन को लेकर 24 जिलों के प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को हुई। इसमें सभी जिलों से आयोजन कमेटी का गठन किया गया। 24 जिलों के सभी प्रतिनिधियों ने महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। पासवान समाज को एकजुट करना और एक मंच पर सबको लाना इसका लक्ष्य है। पासवान महासम्मेलन सफल आयोजन के लिए झारखंड प्रदेश के 24 जिलों से समाज के लोगो के महजुटान 25 फरवरी को हरमू मैदान में होगा। इसमें सांसद चिराग पासवान आयेंगे। महासम्मेलन में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा। गरीब बच्चियों को विवाह करवाने पर चर्चा, मोकामा और झारखंड से कलाकारों को बुलवा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पर विचार किया जायेगा।

# पीएम आवास-मनरेगा योजना में लापरवाही, अधिकारी दंडित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सह तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन प्रभास चंद्र दास को निंदन का दंड अधिरोपित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इनके विरुद्ध 2017 में एक आरोप पत्र गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। उच्चधिकारियों के आदेश की अवेहलना करने, पीएम आवास योजना ग्रामीण-मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने का आरोप था। पूरे मामले पर उनसे दो बार स्पष्टीकरण किया गया।

उन्होंने अपने जवाब में कहा था कि उनके द्वारा लगातार योजनाओं पर प्रगति लाने के लिए कार्य किये गये। क्षेत्र भ्रमण और जनसंवाद कर योजनाओं में आवश्यक सुधार लाने का काम हुआ। हालांकि विभाग उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ और मामले पर विचार करते हुए झारखंड सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील नियमावली 2016 के तहत निंदन का दंड देने का फैसला लिया।

# भाजपा और आरएसएस के अन्याय के खिलाफ न्याय यात्रा से देश में मुहब्बत फैलाने का कार्य किया जा रहा है : राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को गोला पहुंचा। इस इस दौरान राहुल गांधी ने गोला के डीवीसी चौक में न्याय यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ को संबोधित किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में केंद्र की एनडीए सरकार को लताड़ते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के नफरत और हिंसा के खिलाफ मैने कश्मीर से कन्याकुमारी तक न्याय यात्रा निकाली थी। इसके दूसरे कड़ी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई है, जिससे पूरे देश में मोहब्बत और प्रेम फैलाने का कार्य किया जा रहा है। देश की सारी संपत्ति एक ही व्यक्ति के नाम कर दिया गया है। उसी के इशारे पर



देश चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नोटबंदी और जीएसटी से देश के युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है। यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और किसानों की जमीन छीनी जा रही है। देश में डेढ़ लाख जवानों को सेवा से हटाकर बेरोजगार कर दिया गया है। ओबीसी के साथ भी अन्याय करते हुए उनका हक मारा जा रहा है। हम इस यात्रा में किसानों गरीबों महिलाओं तमाम सभी वर्ग के लोगों के साथ बातें करते जा रहे हैं।

डीवीसी चौक में लगभग 10 मिनट तक का अपने संबोधन के बाद राहुल गांधी का न्याय यात्रा का जत्था गोला मेन रोड होते हुए रामगढ़ की ओर रवाना हुआ। इससे पूर्व वे गोला के मगनपुर और सोसोकलां में अपने वाहन से लोगों को हाथ हिलाते नजर आये। रामगढ़ में राहुल गांधी का जत्था रात्रि विश्राम के लिए रुका। गोला में राहुल गांधी के यात्रा के दौरान उनके वाहन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, पूर्व विधायक योगेंद्र साहू, ममता, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो मौजूद थे।

## गोला में जनसभा कर रोड शो करते हुए रामगढ़ पहुंचे

### ज़िला मैदान सिदू कान्हू पहुंचे राहुल गांधी, करेंगे रात्रि विश्राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत रविवार को रामगढ़ पहुंचे। राहुल गांधी धनबाद से होकर बोकारो होते हुए गोला पहुंचे। गोला डीवीसी चौक में जनसभा किया। लोगों की बारे सुनी। अपनी बात रखी। फिर भाजपा पर साधा निशाना। इसके बाद रोड शो करते हुए रामगढ़ जिला मैदान सिद्धू कान्हू पहुंचे। राहुल गांधी तय कार्यक्रम के अनुसार रात में यंही विश्राम करेंगे। रात्रि विश्राम के दौरान राहुल गांधी



रामगढ़ के राजनीतिक, सामाजिक, स्कूली बच्चों से भी मिलेंगे। सबसे मिल कर सबकी नब्ज टटोलेंगे। इसके बाद सोमवार की सुबह 8 बजे अपने यात्रा पर निकल जायेंगे। राहुल गांधी चट्टी बाजार, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए चुट्टूपालू घाटी पहुंचेंगे, जहां शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। जिसके बाद रांची रवाना हो जायेंगे।

### भाजपा आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित, लेकिन भ्रष्टाचार की विरोधी

# चंपाई सोरेन सरकार हेमंत सोरेन पार्ट 2 बनेगी तो भाजपा करती रहेगी विरोध : भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार शाम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी एवं सीपी सिंह, बिरंची नारायण, रामचंद्र चंद्रवंशी, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, केदार हाजरा, अनंत ओझा, अपर्णा सेन गुप्ता, पुष्पा देवी, किशुन दास, केदार हाजरा, समरी लाल, कोचे मुंडा, भानु प्रताप शाही, आलोक चौरसिया, नारायण दास उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चंपाई सोरेन सरकार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लायेगी, लेकिन मुख्यमंत्री के बयान से यह नहीं लगता कि यह सरकार जनहित के लिए बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई



सोरेन ने अपने शपथ के बाद स्वयं कहा है कि वे हेमंत सरकार के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। इसलिए स्पष्ट है कि चंपाई सरकार हेमंत सरकार पार्ट 2 है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जैसे भ्रष्टाचार, खान खनिज की लूट, महिला उत्पीड़न, युवाओं के खिलाफ निर्णय, बेरोजगारों को धोखा, किसानों को धोखा दिया यह सरकार उसी को आगे बढ़ायेगी।

उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में भाजपा फिर इस सरकार के कारनामों का भी प्रबल विरोध करेगी। सदन में पार्टी विश्वास प्रस्ताव के विरोध में रहेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी होने का रोना रोते हैं। उन्हें याद करना चाहिए कि कांग्रेस के दुत्कार के बाद भाजपा ने ही उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। राज्य गठन से लेकर भाजपा सरकार ने बार बार आदिवासी समाज के कल्याण में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रथम मुख्यमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने आदिवासी समाज से आनेवाले नेता बाबूलाल मरांडी को बनाया। केंद्र में आदिवासी मंत्रालय बनाये। आज देश की सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति आदिवासी समाज से आने वाली महिला हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब भ्रष्टाचार में पकड़े गये तो आदिवासी का रोना रोने लगते हैं, लेकिन अब रोना धोना नहीं चलने वाला। राज्य की जनता इनके कारनामों को जान चुकी है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने स्वयं अपने से संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश की। फरार होकर रांची में प्रकट होते ही 400 से अधिक ट्रांसफर किये। गिरफ्तार की सूचना दिये जाने के बाद इडी को बिना बताये राजभवन चले गये। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी अस्थिरता की बात नहीं की। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी ठगबंधन अंतर्कलह से घिरा है। विधायकों को करोड़ों रुपये देकर हैदरबाद ले जाया गया। इसलिए 10 महीने के बचे कार्यकाल को यह सरकार कितना पूरा करेगी यह भविष्य बतायेगा।

# भाजपा सरकार के अन्याय को पिछले 10 वर्षों से जनता झेल रही है : डॉ कुमार राजा

**कांग्रेस ने की अपील भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के रांची महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि आज देश में विभाजनकारी शक्तियों का शासन है, जो लोगों को एक दूसरे से लड़ा कर अपनी राजनीति के रोटियां सेक रहे हैं। आज युवा बेरोजगार है, लेकिन वह अत्याचारी सरकार से इतनी डरी हुई है की अपनी आवाज भी बुलंद नहीं कर पा रही है। भाजपा सरकार की अन्याय पिछले 10 वर्षों से लगातार देश की जनता झेल रही है। इन्हीं सब समस्याओं को देखते हुए राहुल गांधी जी ने देश के पूर्व से पश्चिम की ओर भारत जोड़ो न्याय यात्रा - न्याय का हक मिलने तक का आयोजन किया गया है। अभी तक यह यात्रा सफलता के नये आयाम बनाता हुआ विभिन्न राज्यों से गुजरते हुए झारखंड में प्रवेश कर चुकी है। यह यात्रा 5 फरवरी को राजधानी रांची से होकर खूंटी की ओर प्रस्थान करेगी। समाज के हर पीड़ित वर्ग से यह आग्रह है कि इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

रविवार को कांग्रेस रांची महानगर एवं रांची जिला का संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कांग्रेस भवन, रांची में किया। डॉ कुमार राजा ने बताया कि यात्रा ओरमांझी के रास्ते से होते हुए शहीद मैदान धुर्वा तक जाएगी। वहां पर राहुल जी की एक जनसभा का आयोजन किया गया है। सभा समाप्ति के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा पुनः खूंटी जिला के लिए प्रस्थान कर जायेगी।

# श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में भजन कीर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में संस्था के सदस्यों एवं आये हुए श्रद्धालुओं के संयुक्त तत्वावधान मे सत्संग भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पूरा होने के अवसर किया गया। आश्रम स्थित मंदिर के प्रांगण में पुज्य गुरुजी महाराज के जनसेवा को समर्पित 52 वर्ष पूरे होने पर स्वामी सदानंद महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन सत्संग कर प्रसाद का वितरण किया गया।




प्रतिक श्रुती अग्रवाल ने अपने माता-पिता रमेश सरोज अग्रवाल एव परिवार संग अपनी चतुर्थ शादी की सालगिरह पर दिव्यांग आश्रम के प्रांगण में लगभग 1500 से ज्यादा श्रद्धालुओं के बीच 134वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा महाप्रसाद का भंडारे का प्रसाद वितरण किया। आज की सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, प्रमोद सारस्वत, पूरणमल सर्राफ, बिष्णु सोनी, प्रभाष गोयल, गोविंद अग्रवाल, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, प्रकाश अग्रवाल, ओम प्रकाश, मंजू गुप्ता, गोपाल स्नेहा मवनडिया, प्रभात सुनिता अग्रवाल, राजेश मधु कयाल, धीरज गुप्ता, चंद्रदिप साहू, परमेश्वर साहू, विधा देवी अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, शिला मुरारका, सरोज पोद्दार, आशा मुंजाल, ललिता अग्रवाल, बिमला मिश्रा उपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# संत जेवियर्स कॉलेज में बजट पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज के आइक्यूएसी और आइसीएमए के संयुक्त तत्वावधान में अंतरिम बजट 2024 और विकास की संभावनाएं विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा के स्वागत भाषण से हुआ। मुख्य वक्ता सीसीएल के चीफ मैनेजर डॉ संजय कुमार और सीएमए के राकेश कुमार सिन्हा ने अंतरिम बजट 2024 को बढ़ावा देने और उसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ सिंह ने संगोष्ठी में कर सुधारों में हुई उपलब्धियों को गिनायीं और बताया कि सरकार





गरीब कल्याण और देश का कल्याण कर 2040 तक विकसित देशों में अपने आप को स्थापित कर सकती है। राकेश कुमार सिन्हा ने सरकार द्वारा चलायी जा रही ग्रामीण आवास योजना-शहरी आवास योजना के संबध जानकारी दी। कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम में प्रभास मिश्रा, डॉ शिव कुमार, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ अभिजित डे, प्रो गौतम रुद्रा, प्रो एकता आर्या, प्रो राकेश दीक्षित, प्रो हुसैन अहमद, प्रो निधि आर्या, डॉ शकील अनवर और उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज में इंटरैक्टिव सेशन



**रांची (आजाद सिपाही)।** विश्व कैंसर दिवस पर रविवार को आइयूएसी के तहत संत जेवियर्स कॉलेज एनसीसी ने जूलॉजी विभाग के सहयोग से इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। डॉ सतीश शर्मा और डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह उपस्थित थे। इसमें वाइस प्रिंसिपल फादर डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, जूलॉजी विभाग से एचओडी डॉ भारती सिंह रायपत और प्रो मौली उपस्थित थे।

# आदिवासी एकता रैली राजनीति से प्रेरित है : फूलचंद तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए 4 फरवरी को आदिवासी एकता रैली को राजनीतिक से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि आदिवासी एकता के बहाने अनुसूचित जनजाति की सूची से बाहर होने के डर से सरना इसाई भाई भाई की रैली निकाल कर आदिवासियों एकता की हुंकार भर रहे थे। उन्होंने कहा कि मूल आदिवासियों की ज्वलंत मुद्दा सरना कोड, कुर्मी को आदिवासी बनने से रोकने की लड़ाई को भटकाने वाला बताया। ईसाई आदिवासी नेता और हिंदू आदिवासी नेता मूल आदिवासि, जो वह हिंदू अथवा इसाई नहीं है, प्रकृति पूजक आदिवासी जो रूढ़िवादी परंपरा संस्कृति को मानते हैं सरल एवं सीधे होते हैं। उनको बरगला कर कभी हिंदू तो कभी इसाई रैलियां में ले जाया जाता है। इसके कारण मूल आदिवासियों का अस्तित्व को बचना मुश्किल हो गया है। इसाई आदिवासियों में कोई संकट आता है तो सरना इसी भाई-भाई नजर आने लगता है। बाद में सरना धर्म को तुच्छ बताते हुए ईसाई धर्म में धर्मांतरण करते हैं। हिंदू आदिवासी अपना पेट पालने के लिए आदिवासी को हिंदू बताते हैं। इसाई सरना कोड के नाम पर घड़ियाली आ आंसू बहा रहे हैं। ईसाई मिशनरी आदिवासी एकता महारैली में मूल सरना आदिवासियों को पारंपरिक परिधान लाल पाड़ साड़ी, गमछा, बंडी पहन कर शामिल हुए। इससे आदिवासी समाज की परंपरा एवं संस्कृति का मखौल उड़ा रहे थे और तो और धार्मिक आस्था से जुड़े सरना झंडा को भी नहीं छोड़ा। पूरे मोरहाबादी मैदान में सरना झंडा को लहरा रहे थे आज मूल सरना आदिवासी राजनीति लोगों के हत्थे चढ़ गया एवं ईसाई समर्थक आदिवासी नेता राजनीतिक फायदा के लिए सरना समाज को बेच दिया। इसे ऐसा प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में मूल सरना या तो ईसाइयों के हाथों मसले जायेंगे या तो हिंदुओं के हाथ में।

# असामाजिक तत्वों ने सौंदा बस्ती शिव मंदिर में स्थापित प्रतिमा को किया खंडित

**आक्रोशित ग्रामीणों जाम किया भुरकुंडा-पतरातू मुख्य मार्ग, पतरातू एसडीपीओ के आश्वासन के बाद जाम हटा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सौंदा बस्ती स्थित शिव मंदिर में स्थापित प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा शनिवार की रात्रि खंडित करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मामले को ले आक्रोशित ग्रामीणों ने टायर जलाकर सुबह आठ बजे से भुरकुंडा-पतरातू मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ ही पुलिस से आरोपियों को 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सड़क जाम की खबर मिलने के बाद पतरातू



शिव मंदिर में खंडित भगवान गणेश की प्रतिमा



सड़क जाम कर नारेबाजी करते ग्रामीण।

एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम और सीओ शिवशंकर पांडेय जाम स्थल पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों को समझाते-बुझाते हुए उचित कार्रवाई करने की बात कही। अधिकारियों के आश्वासन के बाद 10 बजे जाम हटा लिया गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह जब लोग मंदिर की साफ-सफाई के लिए पहुंचे तो देखा कि भगवान गणेश, माता पार्वती, भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा खंडित है। साथ ही भगवान शिव के मुकुट पर लगे पीतल के नाग देव का एक हिस्सा टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा और भदानीनगर की पुलिस वहां पहुंचकर लोगो को काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण प्रतिमा के खंडित होने पर काफी आक्रोशित थे। सड़क जाम स्थल पर पहुंचे पतरातु एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम ने लोगों को कहा कि घटना में शामिल लोगों को पुलिस जांच कर जल्द गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा कि आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी मदद ली जायेगी। एसडीपीओ के आश्वासन के करीब दो घंटा बाद जाम हटा लिया गया।

इधर ग्रामीणों ने बताया कि अगर पुलिस जल्द आरोपियों को हिरासत में लेकर कारवाई नहीं करती है तो उग्र आन्दोलन किया जायेगा। इस मौके पर भुरकुंडा थाना प्रभारी मयंक प्रसाद, भदानीनगर ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद, भुरकुंडा के सअनि प्रदीप दुबे सहित सशस्त्र बल मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 69AB813128 Dated 06.06.2023, I Beauty Mahish Show W/o-Vivek Show, D/o-Gajen Mahish, her D.O.B 15/04/1998, by faith-Hindu by profession Household works, residing at Vill-Daha. P.O. Nayagram Benasull. P.S. Salboni, District-Paschim Medinipur, Pin-721102, do hereby solemnly affirm and declare as fol- lows. 1) That I am the citizen of India and I am the permanent inhabitant of above mentioned address. 2) That prior to my marriage I was known as Beauty Mahish D/o-Gajen Mahish. That I Got marrage to Vivek show accfording to hindu Ritesh and Custoum hetng Cretificali No. Wigs 44001000101000002422 - 2021-5956 dated 10.02.2021 and after marriange 1 adopt my husband's surname i.e 'Show ' and I become known as beauty Manish show W/o. Vivek show'. 4). That in my Madhyamik Admit Card being Roll 400312B No.0082 issued by WRBSE and also in my old Voter ID Card being no IR3300710 my name has been rececorded as Beauty Mahish D/o Gajen Mahish. That in my Aadhaar Card being no.4455 09977 2327 and also in my Voter ID Card being IRH2330710. my name has been recorded as 'Beauty Manish Show W/o -Vivek Show'. That "Beauty Mahis Show W/o Vivek Show D/o. Gajen Mahish" and "Beauty Mahish D/o. Gajen Mahish" And Beauty Mahish Show W/o- Vivek Show" is Same and on idendtical Lady i.e. myself. 7). That this afidavit is affirmed fro rectification and to produce before appropriate authority as ans when required. 8) That the above statements made in para 1 to 7 are ture to the best of my knowledge and belief.

# तंबाकू सेवन घटा

विश्व स्वास्थ्य संगठन के ताजा आंकड़े शुभ संकेत की ओर इशारा कर रहे हैं। बताते हैं कि गत 2 दशकों के दौरान दुनिया भर में तंबाकू का सेवन घटा है। साल 2000 में हर 3 में से एक वयस्क तंबाकू का सेवन करता था, जो 2022 में घटता-घटता 5 में से एक हो गया है। संगठन की रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया के 150 देश तंबाकू के इस्तेमाल को घटाने में कामयाब हुए हैं। भारत भी इन खुशकिस्मत देशों में शामिल है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आगाह किया है कि तंबाकू से जुड़ी मौतों में फिलहाल गिरावट की गुंजाइश नहीं लगती। क्योंकि 2010 से 2025 के बीच 30 फीसदी तंबाकू के इस्तेमाल में कटौती का लक्ष्य फिलहाल पूरा नहीं हो सका है। रिपोर्ट के मुताबिक तंबाकू के सेवन की लत से आज भी सालाना 80 लाख लोगों की अकाल मौत हो जाती है। इनमें 13 लाख ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद तो तंबाकू का सेवन नहीं करते, लेकिन सिगरेट पीने वालों के आसपास रहते हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में दुनिया के सबसे ज्यादा 26.5 फीसदी लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। हालांकि सिंगापुर जैसे इन देशों में सख्ती का आलम यह है कि वहां उतरने से पहले ही हवाई जहाज में घोषणा की जाती है कि बाहर से सिगरेट, च्यूइंगम और नशीले पदार्थ लाने पर सख्त रोक है। लेकिन सिंगापुर समेत इन देशों में भी सिगरेट बिकते हैं और कहीं-कहीं पीने की छूट भी है। हैं बेशक बहुत महंगे, एक पैकेट करीब 1,000 रुपए से ऊपर का। ऑर्चिड रोड जैसी पॉश शापिंग स्ट्रीट्स की फुटपाथ पर जगह-जगह कूड़ेदान और उन पर ऐश-ट्रे लगी हैं। ऐश-ट्रे के इर्द-गिर्द खड़े होकर सिगरेट पी सकते हैं। माल्स में भी सिगरेट पीना मना है। अगर कोई तय ऐश ट्रे जगहों से परे सिगरेट पीता पकड़ा जाये, तो 1000 सिंगापुर डॉलर यानी करीब 65,000 रुपए जुमार्ना लगता है। यूरोपीय देश भी ज्यादा पीछे नहीं हैं। यूरोप में 25.3 फीसदी तंबाकू की लत से ग्रस्त हैं। उम्मीद जतायी जा रही है कि 2030 आते-आते यूरोप में तंबाकू सेवन की लत की शिकार आबादी की तादाद गिर कर 23 फीसदी रह जायेगी, और एशिया के देशों में 20 फीसदी पहुंच सकती है। साल दर साल धीरे-धीरे तंबाकू सेवन करने वालों की तादाद घटते-घटते अगले साल 2025 तक 25 फीसदी तक गिरने की प्रबल संभावना है, जबकि 2010 में अगले 15 सालों के लिए गिरावट का लक्ष्य 30 फीसदी तय किया गया था। केवल 56 देश इस लक्ष्य को हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। अपने देश के वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वे के आंकड़ों से भी जाहिर होता है कि 2009-10 के मुकाबले 2016-17 में धुआं रहित तंबाकू सामग्री के उपयोग में 4.5 फीसदी की गिरावट आयी है। यह खपत 25.9 फीसदी से घट कर 21.4 फीसदी हो गयी है, जबकि धूम्रपान की लत में 3.3 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है। यानी 14.0 फीसदी गिर कर 10.7 फीसदी पर आ गई है। धूम्रपान में गिरावट इसलिए आयी है, क्योंकि लोग सेहत के खतरों की बाबत चेतावनियों पर तवज्जो देने लगे हैं।

> **तंबाकू के सेवन की लत से आज भी सालाना 80 लाख लोगों की अकाल मौत हो जाती है। इनमें 13 लाख ऐसे लोग भी शामिल हैं, जो खुद तो तंबाकू का सेवन नहीं करते, लेकिन सिगरेट पीने वालों के आसपास रहते हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

1963 ई. में जब झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हुआ, तब लाल रणविजय नाथ शाहदेव ने दिल्ली में पंडित जवाहर लाल नेहरू के समक्ष विरोध किया था। उनके नेतृत्व में 21 जलाई 1963 ई. में बहुबाजार में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस सभा में झारखंड पार्टी को बनाये रखने का निर्णय लिया गया। लाल रणविजय नाथ शाहदेव के नेतृत्व में ही 27, 28 एवं 29 सितंबर 1963 को वीरमित्रापुर में विशाल जुलूस निकाला गया। अलग राज्य के लिए आंदोलन करने के कारण उन्हें 3 जून 1968 ई. में जेल भी जाना पड़ा।

# बजट- राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण



**पीयूष गोयल**




इस वर्ष के बजट प्रस्ताव, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण तथा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर विशेष जोर के साथ, 2047 तक एक विकसित देश बनने की दिशा में भारत की यात्रा को गति प्रदान करेंगे। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की सराहना की जानी चाहिए और उन्हें बधाई दी जानी चाहिए।

राजकोषीय अनुशासन के साथ कल्याण- विकास-उन्मुख बजट घोषणाओं के बारे में वास्तव में उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पूंजीगत व्यय में ऐतिहासिक वृद्धि और बड़े पैमाने पर काम के अवसरों की उपलब्धता व रोजगार सृजन के साथ-साथ उदार व लक्षित कल्याण के उपाय, राजकोषीय जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ-साथ लागू किये जायेंगे।

यह अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छी खबर है, क्योंकि कल्याणकारी योजनाओं तथा रोटी-कपड़ा और मकान की बुनियादी आवश्यकताओं के प्रावधान से लाभार्थियों की जेब में पैसे की अधिक बचत होती है, जिसे वे विभिन्न उत्पादों पर खर्च करते हैं और इससे अर्थव्यवस्था में मांग में वृद्धि होती है।

**लालरण विजयनाथ शाहदेव की जयंती पर विशेष**

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजकोषीय अनुशासन और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर ऐसे समय में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जब देश आम चुनावों की तैयारी कर रहा है। वैश्विक स्तर पर, जब किसी देश में चुनाव होते हैं, तो अधिकांश निवेशक राजकोषीय लापरवाही का सामना करते हैं, क्योंकि सरकारें अक्सर राजकोषीय अनुशासन की अनदेखी करती हैं और लापरवाह लोकलुभावन उपायों का सहारा लेती हैं।

निवेशकों की सराहना- मोदी सरकार अलग है। इसके राजकोषीय अनुशासन के सख्त पालन ने यह सुनिश्चित किया कि महामारी और यूक्रेन संकट की दोहरी बाधाओं के बावजूद, भारत उथल-पुथल भरी दुनिया में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभरा, क्योंकि इसने देखभाल और करुणा को समझदार अर्थशास्त्र के साथ संयोजित किया। इस वर्ष की बजट घोषणाएं इसी भावना के अनुरूप हैं।

निवेश करने वाला समुदाय भी इसे मान्यता देता है। भारत के साथ व्यापार करने में वैश्विक रुचि से यह परिलक्षित होता है। भारत के शेयर बाजार भी निवेशकों के उत्साह को दशार्ते हैं। भारत का शेयर बाजार हाल ही में 4.33 ट्रिलियन डॉलर के मूल्यांकन के साथ हांगकांग को पीछे छोड़कर दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है।

हर तरह से पहले स्थान पर- पूंजीगत व्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11,11,111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया गया है। इससे भारत की अवसंरचना में और भी सुधार होंगे एवं आधुनिकीकरण होगा, जो 10 साल पहले की तुलना में पहले से ही प्रभावी रूप से बेहतर है।

उच्च पूंजीगत व्यय और बड़ी परियोजनाओं के कार्यान्वयन से हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

मोदी गारंटी- प्रधानमंत्री मोदी ने एकदम सही कहा है कि इस वर्ष का बजट 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में भारत के पथ की आधारशिला को मजबूत करने की गारंटी देता है। इस यात्रा का मुख्य हिस्सा, महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के निर्धारण और उन्हें हासिल करके गरीबों का सशक्तिकरण करने से संबंधित है। इसके बाद का कदम है- और भी बड़ी आकांक्षाओं को पूरा करना।

आवास-निर्माण के प्रति मोदी सरकार की उपलब्धि और आकांक्षा से यह बात स्पष्ट होती है। सरकार पहले ही गांवों और शहरों में गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है। सरकार ने अब मध्यम वर्ग के लिए दो करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है।

महिला-नेतृत्व आधारित विकास- इसी तरह 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को 50% बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया गया है। आशा और आंगनबाडी कार्यकताओं को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। सरकार ने 30 करोड़ मुद्रा ऋण के जरिये भी महिलाओं को सशक्त बनाया है। पिछले दशक में उच्च शिक्षा में महिलाओं के नामांकन में 28% की वृद्धि दर्ज की गयी है। शिक्षा के क्षेत्र में, विज्ञान प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) पाठ्यक्रमों में 43 प्रतिशत छात्राएं हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक अनुपातों में से एक है।

बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए, वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार 9-14 वर्ष की आयु की किशोरियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। यह घोषणा प्रधानमंत्री मोदी की देखभाल और करुणा युक्त शासन को प्रदर्शित करती है। कार्यान्वयन में तालमेल के लिए, मातृ एवं शिशु देखभाल से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को एक समग्र कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया जाएगा।

मध्यम वर्ग को लाभ- लोगों के जीवन को आसान बनाने और उत्पीड़न को रोकने की सरकार की रणनीति के अनुरूप, बजट में नई आयकर योजना की घोषणा की गई है, जो एक करोड़ लोगों को राहत प्रदान करेगी। यह पहले की तुलना में एक स्वागत योग्य बदलाव है, जब पिछली सरकार ने दशकों तक आम आदमी के सिर पर इस तलवार को लटकाए रखा था। मध्यम वर्ग को अवसंरचना में सुधार और रोजगार सृजन में अपेक्षित तेज वृद्धि से भी लाभ होगा।

युवाओं के लिए स्वर्ण युग- 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के विजन से भारत के युवाओं को सबसे अधिक लाभ होगा। बजट में युवाओं के महत्व पर जोर दिया गया है। बजट में रोजगार के अवसर, स्टार्ट-अप के लिए सहायता और नवाचार को बढ़ाने के प्रावधान के साथ युवाओं को मदद करने से जुड़े उपायों की घोषणा की गयी है।

वित्त मंत्री ने ठीक ही कहा कि भारत के तकनीक-प्रेमी युवाओं के लिए यह एक स्वर्ण युग होगा। सरकार 50 साल के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित करेगी। यह निजी कंपनियों को अनुसंधान और नवाचार का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। वित्त मंत्री ने उन कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारत के युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों को संयोजित करते हैं।

स्वच्छ और हरित- मोदी सरकार का स्वच्छ और हरित विकास पर भी विशेष ध्यान है। बजट इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। रूफटॉप सोलर योजना से एक करोड़ परिवारों को निःशुल्क बिजली मिलेगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि लोग ग्रिड को अतिरिक्त बिजली बेचकर 20,000 रुपये तक की धनराशि अर्जित करेंगे। यह उद्यमिता के लिए अवसर भी प्रदान करेगा।

कई मायनों में, पीएम मोदी ने सदियों के संघर्ष के बाद सूर्योदय के युग की शुरूआत की है। बजट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो एक मजबूत, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से परिपूर्ण राष्ट्र- विकसित भारत 2047 - की आधारशिला रखता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# सरयू राय स्वदेशी जागरण मंच के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा हुडको थिंक पार्क में स्वदेशी संकल्पित परिवार के लिए वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। रविवार को सम्मेलन में शहर के लगभग 280 परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय शामिल हुए। इस अवसर पर महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के बीच इन-आउट, बास्केट बॉल, म्यूजिकल चेयर व महापुरुषों के नाम की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेताओं में प्रथम पुरस्कार शरदा सिंह,कविता देवी, जयप्रकाश और सुशील कुमार, द्वितीय पुरुष्कार पूनम लता,रूपा, संजीत प्रामाणिक, तृतीय पुरुष्कार प्रतिभा सिंह,प्रिया दुबे व पीयूष ने सफलता प्राप्त की। बच्चों में प्रथम पीयूष एवं यशवी सिंह, द्वितीय अमित कुमार एवं आराध्या कुमारी और तृतीय में शुभम एवं सान्वी सिंह ने सफलता प्राप्त की। मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा मंच की स्थापना के दौरान ही प्रचारकों ने देश को विदेशी ताकतों से सावधान किया था। लेकिन उस समय के सरकार ने इसकी अनदेखी की थी। देशवासी भी विदेशी कंपनियों के भ्रामक प्रचार से प्रेरित होकर उपभोग प्रारम्भ कर दिया। जिसके नतीजा आज देश में बेरोजगारी, एकल परिवार,आर्थिक तंगी, बच्चों में कुसंस्कार,गांव से पलायन, बुरा स्वास्थ्य,पर्यावरण हनन जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही। उन्होंने बताया स्वदेशी कार्यकर्ता लगातार 30 वर्षों से आर्थिक स्वावलंबन, स्वदेशी-विदेशी सामानों की सूची, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, महिला स्वावलंबन, परिवार आधारित अर्थव्यवस्था के विषय पर जनजागरण का कार्यक्रम चला रही है। स्वदेशी जागरण मंच परिवार सम्मेलनों के माध्यम से समाज में परिवार को संस्कार व परिवार आधारित अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो इसकी दिशा में आगे बढ़ रही है। मौके पर भाजपा के एसटी मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य एडवर्ड सोरेन, अखिल भारतीय सह संघर्षवाहिनी प्रमुख बंदे शंकर सिंह, खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह ने अपनी बात रखे।

वहीं अंतिम सत्र में जमशेदपुर की पूर्व सांसद आभा महतो, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति ने अपनी बातें रखी। मंच संचालन मुकेश ठाकुर, स्वागत भाषण राजपति देवी एवं धन्यवाद ज्ञापन संजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर मंजू ठाकुर, मधुलिका मेहता, आलोक सिंह, आंचल तिवारी, अमित मिश्रा, राजकुमार शाह, कुन्ना सुजाता, सुमित, बबलू, गुरजीत, अभिषेक, संजीत प्रमाणिक, कंचन, केपी चौधरी, मीरा शर्मा, पूनम, रीता मिश्रा, रवि शंकर मिश्रा, आदर्श और घनश्याम आदि शामिल रहे।

# विधायक सरयू राय ने स्वयं कार सेवा कर सीजीपीसी को की उसके लोकोपकारी कार्य में सहयोग की पेशकश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सीजीपीसी द्वारा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने इस लोकोपकारी कार्य में स्वयं कार-सेवा कर अपने आप को भाग्यशाली बताया एवं अन्य संस्थाओं को सीजीपीसी के संकल्प से प्रेरणा लेने की सलाह दी। रविवार को सरयू राय ने सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह और समस्त टीम को बधाई देते हुए सहयोग स्वरूप पेवर्स ब्लॉक और दीवार निर्माण के लिए ईंट का सहयोग देने की भी पेशकश की। यही नहीं, श्री राय स्वयं ढलाई सामग्री ढोकर कार-सेवा कर लोकोपकारी कार्य का हिस्सा बने। इस अवसर पर श्री राय ने कहा कि भगवान सिंह एवं उनकी टीम की अगुआई में सीजीपीसी काफी अच्छा कार्य कर रही है। शिक्षा और अच्छे स्वास्थ्य से समाज सशक्त बनता है और यह सुविधा देकर सीजीपीसी बहुत नेक कार्य कर रही है।

# डिमना रोड में पुआल लदे वाहन में लगी आग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना रोड राजीव पथ में सड़क किनारे खड़े एक मिनी ट्रक में अचानक आग लग गयी। रविवार सुबह खड़े वाहन में आग लगने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है मिनी ट्रक में पुआल लदे रहने के कारण धीरे-धीरे आग पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने स्थानीय पुलिस एवं झारखंड अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इससे पूर्व लोगों ने पुआल को गिराते हुए वाशिंग सेंटर से पानी का पाइप लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अनुमान लगाया जा रहा है कि कचड़े के डिब्बे में आग लगाने के दौरान सामने खड़ा पुआल लदा वाहन आग की चपेट में आ गया।

# दिलीप कुमार खलखो ने सरायकेला एसडीपीओ का पदभार संभाला



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** रविवार देर शाम दिलीप कुमार खलखो ने सरायकेला एसडीपीओ का पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बात करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विधि- व्यवस्था के साथ ब्राउन शुगर के कारोबार को जड़ से मिटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही, आर्थिक अपराध पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और सभी मामलों में विधि सम्मत सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। श्री खलखो ने कहा कि आम पब्लिक के कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी। मामलों का त्वरित निष्पादन करने के साथ- साथ आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करना प्राथमिकता होगी. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शराब माफियों व आपराधिक छवि के लोगों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने लोगों से भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि वे लोगों के साथ तालमेल स्थापित कर क्षेत्र की विधि- व्यवस्था को एक नया आयाम देने की पूरी कोशिश करेंगे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात एसडीपीओ ने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए किसी भी कार्य से कार्यालय पहुंचने वाले आगंतुकों से मित्रवत व्यवहार करने की हिदायत दी।

# सास्था प्रीति समारोह में गूंजा मंत्रोच्चार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित धर्म सास्था मंदिर में चल रहा 76वां सास्था प्रीति महोत्सव रविवार को सास्था प्रीति समारोह के साथ संपन्न हो गया। रविवार को प्रातः अंतिम दिन के कार्यक्रमों की शुरूआत हर दिन की तरह महागणपति के लिए हवन के साथ हुई। बाद में विद्वान वेद पंडितों ने सभी इष्टदेवों के लिए कलश स्थापित कर और श्री धर्म संस्था के लिए महान्यास पूर्वक एकादश रुद्र पूर्ण अभिषेक, एवं श्री महा गणपति और श्री कार्तिक के लिए एकादश रुद्राभिषेक संपन्न कराया। बाद में मंदिर के पुजारियों, मोहित शर्मा, आकाश शर्मा एवं प्रियांशु शर्मा ने महा आरती की।

अनुष्ठान के पश्चात मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों ने हजारों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया।

संध्या समय स्थानीय दक्षिण भारतीय भजन समूह, आचार्य भक्त सभा के सदस्यों ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किये। मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष पीएन शंकरन ने लगातार 11 दिनों से पूजा, हवन एवं अन्य अनुष्ठान संपन्न कराने में मदद करनेवाले सभी वेद पंडितों को सम्मानित किया। इस कार्य में मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष एन राममूर्ति, उपाध्यक्ष केजीपी नायर, के मुरलीधरन, सचिव केएस जयरमन, संयुक्त सचिव शिव कुमार, बी सुब्रमण्यम, एस श्रीनिवासन, एस वेंकटरमन, सिजुलल आदि पदाधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने सास्था प्रीति समारोह के सफल आयोजन में सहयोग किया।

# बिष्टुपुर राम मंदिर में महिलाओं ने श्रीराम चर्चा का किया आयोजन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अयोध्या में राम लला की स्थापना से पूरे देश के साथ लौहनगरी में भी खासा उत्साह है। रविवार को बिस्टुपुर के राम मंदिर में महिलाओं के समूह द्वारा श्री राम चर्चा का आयोजन कर खुशियों को साझा किया। मौके पर सभी महिलाओं ने पीले रंग की साड़ी में नजर आए। ममता पटवारी नें कहा मयार्दा पुरुषोत्तम राम हम सभी के आराध्य है।हमारे रोम रोम में राम है।अयोधया में श्री राम लला की स्थापना हम सभी का स्वप्न था। स्थापना के साथ ही यह स्वप्न धरातल पर उतर आया है।उन्होनें श्री राम प्रभु की पूजा कर देश की उन्नति का आशीर्वाद मांगा। मौके पर ममता पटवारी, सोनू तिलावत, कीर्ति काबरा, विनीता गुप्ता, रिंकू सिंह, रिंकी शर्मा, अंजली खंडेलवाल, खुशी शर्मा, अनामिका झा, रचना खंडेलवाल, नीलिमा शर्मा, बिनीता राय, आशा सिंह, रचना जायसवाल, श्रेयसी, रानी राय, स्वाति, वसुधा, रीना दास, राखी शर्मा, रजनी गुप्ता, लक्ष्मी दत्ता, रानी ठाकुर, सपना काबरा, बॉबी भाटिया, सीमा कुमारी, रंजना शर्मा, अंजली कुमारी, दलजीत कौर, सीमा राय सहित अन्य शामिल रहे।

# खेलकूद हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है : दीपक पांडेय

**बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। विवि परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों, जिसमें देवकी महावीर होम्योपैथिक कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल, वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, फामेर्सी कॉलेज, वनांचल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च हॉस्पिटल, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस, वनांचल स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम तथा झांकी का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय तथा विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह तथा कुलपति डॉक्टर एमके सिंह और विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी अनिवार्य है। यह हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि खेलकूद हमें सामाजिक सद्भाव सीखाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमके सिंह ने कहा कि खेलकूद के माध्यम से हम समाज को स्वस्थ रहने की प्रेरणा देते हैं। इस समापन कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में हुए प्रतिस्पर्धा के विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी मेडल और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि के कर कमलो द्वारा प्रदान किया गया। क्रिकेट में विजेता टीम नर्सिंग कॉलेज रहा तथा उप विजेता फामेर्सी कॉलेज रहा। फुटबॉल में विजेता दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन रहा तथा उपविजेता पैरामेडिकल कॉलेज रहा। वॉलीबॉल में विजेता नर्सिंग कॉलेज रहा तथा उप विजेता डेंटल कॉलेज रहा। खो-खो में विजेता नर्सिंग कॉलेज रहा तथा उपविजेता डेंटल कॉलेज रहा। 100 मीटर दौड़ में विजेता देवकी महावीर होम्योपैथिक कॉलेज के राहुल रहे। इस प्रकार इस सात दिवसीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कैरम बोर्ड, बैडमिंटन लॉन्ग जंप, हाई जंप, 100 मीटर दौड़ 400 मीटर दौड़ 200 मीटर दौड़, जैवलिन थ्रो आदि विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में डॉक्टर अमित सिंह, डॉक्टर सुनीता गुप्ता, डॉक्टर अमित मिश्रा, शशिकांत, राकेश कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ मनीष दुबे, डॉ बसवराज कलाली, डॉ पंकज, सुभाष, पंकज सिंह, मीडिया प्रभारी शंभू राम आदि लोग उपस्थित रहे।

# ओबीसी की आबादी राज्य में 55% है, तो उनका आरक्षण 14% ही क्यों : अजय मेहता



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अनुसूजाति,जनजाति का आरक्षण आबादी के अनुपात में 10% और 26 प्रतिशत है। अन्य कई जातियों का आरक्षण अपनी आबादी से ज्यादा 10% है तो फिर ओबीसी का आबादी राज्य में 55% है, तो उनका आरक्षण 14% ही क्यों? सरकार इसका जवाब दें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गढ़वा जिला के तत्वाधान में शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती के अवसर पर आयोजित 52% हिस्सेदारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव अजय मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि देश में जल्द जातीय जनगणना हो और उसी के अनुरूप देश के समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति, सड़क भवन निर्माण के ठेकों में, सप्लाई, डीलरशिप मानिंग, उत्पाद विभाग, आउटसोर्सिंग और परिवहन पार्किंग मीडिया यूनिवर्सिटी लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद इत्यादि में जनसंख्या अनुपात में हिस्सा (प्रतिनिधित्व) मिले तभी ओबीसी समुदाय का मुकम्मल सामाजिक न्याय मिल पायेगा और इनके मानव संसाधन का देश हित में समुचित इस्तेमाल हो पायेगा।

# बोर्ड लगाये बिना ही कराया जा रहा है कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के रारो गांव स्थित धरती चौपाल के पास प्राक्लन का बोर्ड लगाये बिना ही संवेदक द्वारा कार्य कराया जा रहा है। कार्य स्थल पर प्राक्कलन संबंधित बोर्ड नहीं लगाये जाने से लोगों को संबंधित योजना कि जानकारी नहीं हो पा रही है। ऐसे में संवेदक द्वारा मनमाने ढंग से काम को अंजाम दिया जा रहा है। कल्याण विभाग की योजना से लगभग 25 लाख रुपये की लागत से सरना स्थल चारदीवारी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन वहां प्राक्कलन संबंधित बोर्ड कार्यस्थल पर नहीं लगाया गया है। बिना बोर्ड लगाये



सरकारी योजना का कार्य बदस्तूर जारी है। कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं रहने से आम लोगों और कार्य कर रहे मजदूरों को योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। इधर चारदिवारी का कार्य आधे से भी अधिक पूर्ण कर लिया गया है। बावजूद उसके कार्य स्थल पर प्राक्कलन संबंधित बोर्ड नहीं होना कार्यों का गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। इस संबंध में कई लोगों ने बताया कि कार्य से पूर्व बोर्ड लग जाने की स्थिति में लोग वहां गुणवत्ता सहित अन्य चीजों को देखने लगते हैं। इससे बचने के लिए संवेदक द्वारा कार्य से पूर्व कार्य स्थल पर बोर्ड ही नहीं लगाया जाता है। जबकि प्रावधान के मुताबिक कार्य शुरू करने से पूर्व स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू ने कहा कि कार्य स्थल पर बोर्ड लगाना जरूरी है। अगर स्थल पर बोर्ड नहीं लगाया गया है तो जांच कर उचित कार्रवाई कि जायेगी।

# पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** कोचेया गांव के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में प्रखंड इकाई विशुनपुरा के द्वारा पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने हवन में वैदिक मन्त्रोंचार विश्व कल्याण की भावना के साथ यज्ञ देव को आहुतियां समर्पित की।

पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार के महिला जिला समन्वयक शोभा पाठक के द्वारा नवयुवक और यूतियों को ऋषि परंपरा अपनाने और गायत्री मंत्र का महत्व के बारे में बताया गया। भारतीय परंपरा के अनुसार 16 संस्कारों के बारे में बताया गया। जिसमें गर्भ अवस्था से ही संस्कार, नामकरण, अन्नप्राशान, विद्यारंभ, यागोपवित विवाह दिवस आदि संस्कारों के बारे में जानकारी दी गयी।

उन्होंने बताया कि युग ऋषि पंडित श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा चलाये गये युग निर्माण अभियान के तहत निरंतर लोगों में आत्म कल्याण परोपकार समाज सेवा, नशा उन्मूलन, नारी जागरण, स्वालंबन स्वाध्याय स्वास्थ्य और योग का घर-घर अलख जगाने का प्रयास किया जारहा है। गायत्री परिवार का उद्देश्य मानव में देवत्य का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का संकल्प और प्रयास करना है।

उन्होंने बताया कि आज बेटियां भारतीय परंपरा को नही अपनाने के कारण उनके ऊपर अनेकों प्रकार के अत्याचार हो रहे हैं। और 32 टुकड़ों में बंट रही हैं। बेटियों को बचाने के लिए सभी घरों में संस्कार की परंपरा को अपनाने की जरूरत है।

इस दौरान गायत्री परिवार के गुरु दीक्षा अजित कुमार गुप्ता, किरण देवी, त्रिदीप कुमार चन्द्रवंशी, लव कुमार गुप्ता, बिकी कुमार गुप्ता को दिलाया गया। वहीं यशवी कुमारी की नाम करण संस्कार किया गया। इस मौके पर अचितनन्द तिवारी, वीरेंद्र सोनी, अकेश कुशवाहा, ललसु राम, अनिता देवी, गीता देवी, अमर कुमार, नरेश प्रसाद, राधेश्याम पांडेय, नर्मदेश्वर मंदिर के अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव, पुजारी प्रवीण पांडेय, भोला प्रताप देव, राजदेव प्रसाद गुप्ता, अशोक मेहता, गौरीशंकर गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, प्रखंड युवा समंवयक पंकज गुप्ता सहित कई गायत्री परिवार के लोग शामिल थे।

# मेराल सीओ ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा, आरोपी फरार



**मेराल (आजाद सिपाही)। अवैध तरीके से बालू की ढुलाई करने की सूचना पर मेराल सीओ यशवंत नायक द्वारा रविवार की सुबह में छापेमारी अभियान चलाकर बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ कर जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार मेराल-मझिआंव पथ पर अवैध तरीके से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जैसे ही रोकने का प्रयास किया गया। ड्राईवर गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर मौके से फरार हो गया। कुछ देर इंतजार करने के बाद सीओ ने अपने ड्राइवर से ट्रैक्टर को मेराल थाना में लाकर खड़ा कर दिया। जानकारी के अनुसार अग्रेतर कार्रवाई के लिए खनन विभाग को पत्र लिखा गया है।**

# ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में विदाई सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित कर दसम वर्ग के छत्रों को विदाई किया गया। सम्मान समारोह सह विदाई समारोह में प्रखंड के बीरबल गांव स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में वर्ग दसम के छत्रों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा विद्यालय से विदा ले रहे सभी छात्र-छात्राओं को एग्जाम किट और पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस स्कूल से विदा ले रहे सभी विद्यार्थी बहुत अनुशासन प्रिय ढंग से शिक्षा ग्रहण किया है, हम दिल से सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। मुझे पूरी उम्मीद है कि सभी विद्यार्थी इस स्कूल से निकलकर बोर्ड परीक्षा में जिला ही नहीं पूरे झारखंड में अपना नाम रौशन करेंगे।

समारोह के समय विद्यालय का माहौल पूरीतरह से गमगीन नजर आया। कुछ तो फफक कर रोते नजर आ रहे थे। इसे देखकर पूरा विद्यालय परिवार को भी आशु पोछते देखा जा सकता था।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ मुख्यरूप से प्रधानाचार्य बेबी खातून, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, रामविनय यादव, सुनील कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, अखिलेश यादव, संतु यादव, अजय यादव, रौशन, साहिद अंसारी, वीरेंद्र प्रजापति, मनीश, महेश्वर विश्वकर्मा, अल्का, प्रियंका, अर्चना, लालमणि देवी, संध्या देवी, रौशनी प्रवीण, रूकसार सिद्दीकी, आशिया, चांदनी सिद्दीकी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

# मित्रता कैसे निभायी जाये, यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझा जा सकता है : कथावाचक



**सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ में परिक्रमा करने और प्रवचन सुनने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी राधे बोल राधे जी महाराज गंगा तट नैनी प्रयागराज के सानिध्य में नाव दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। उक्त महायज्ञ में हर कोई यज्ञ शाला की पराक्रम लगाने के लिए बेताब नजर आ रहे हैं। श्रद्धालुओं के द्वारा 12 घंटे से 24 घंटे के संकल्प के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। इस महायज्ञ में झुला नाव जंपिंग राउंड वाहनआकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जबकि कथावाचक शुखेण त्रिपाठी ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। सुभद्रा हरण का आख्यान कहना और सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास त्रिपाठी ने बताया कि मित्रता कैसे निभायी जाये। यह भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, इस पर द्वारपाल महल में गये और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा थे।**

# पंचायत प्रतिनिधियों को जल शक्ति अभियान का दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** जल जीवन मिशन के तहत जल शक्ति अभियान के माध्यम से ग्रामीण योग्य संस्थान के द्वारा मेराल पश्चिम पंचायत सचिवालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसमें मेराल पूर्वी, मेराल पश्चिमी तथा गोंदा पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, जल सहिया तथा महिला समूह की महिलाओं के साथ-साथ कई ग्रामीण भी शामिल हुए। इस दौरान सभी को जल जीवन मिशन के उद्देश्य, ग्राम



जल एवं स्वच्छता समिति के कार्यों के संबंध में जानकारी दी गयी। बताया गया कि जल नल योजना के तहत उपरोक्त पंचायत में कार्य चल रहा है। इससे संबंधित सभी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी। प्रशिक्षण में मुखिया बेबी देवी, रामसागर महतो, उर्मिला देवी, वार्ड सदस्य जलालुद्दीन अंसारी, पूजा देवी, मानमती देवी, नीलम देवी, किशोर यादव, विनेश मेहता सहित कई लोग थे।

# एक कंपनी में ललित कुमार बैठा की मजदूरी करने के दौरान दुर्घटना में हो गयी थी मौत



मृतक ललित का फाइल फोटो।

**कांडी (गढ़वा) (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी 48 वर्षीय ललित कुमार बैठा का शव एंबुलेंस से शनिवार की रात में जैसे ही उनके आवास पर पहुंचा चारों तरफ कोहराम मच गया। मृतक का अंतिम संस्कार कोयल नदी में रविवार को किया गया। परिजनों ने बताया कि ललित की मत्यु महाराष्ट्र के नागपुर जिला के कारगट्टा में एक कंपनी में दो फरवरी को संध्या सात बजे एक दुर्घटना में मजदूरी करने के दौरान हो गयी थी। मृतक ललित कुमार बैठा घर से सोमवार को वहां गये थे। वे शुक्रवार से ही एमभिबी नामक कंपनी में काम करना शुरू किये थे, कि उसी दिन संध्या सात बजे बिल्डिंग का स्लैब टूट कर गिर गया और वे उसी के नीचे दब गये और उनकी मृत्यु घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक बिहार के एक ठीकेदार के ठीकेदारी में गये थे। वे घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी मृत्यु से परिवार के ऊपर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी जयमालती देवी, 28 वर्षीय दो पुत्र राणा प्रताप कुमार और 21 वर्षीय सूरज कांत कुमार को छोड़ गये हैं।साथ ही एक लड़की जिज्ञासा कुमारी जिसकी शादी हो चुकी है। अंतिम संस्कार में राणाडीह पंचायत मुखिया ललित बैठा, शिक्षक मदन मोहन राम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। मुखाग्नि बड़ा पुत्र ने दी।**

# 'चलो गांव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन

**28 फरवरी को टाउंसिप के सेल मैदान में सुकन्या विवाह का आयोजन किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** चलो गांव की ओर और आगामी 28 फरवरी को 51 सुकन्या विवाह कार्यक्रम को लेकर रविवार को धुरकी डाक बंगला के परिसर में बैठक संपन हुई। बैठक के मुख्य अतिथि रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रेलवे सलाह कार्य समिति के सद्स्य रघुराज पांडेय और धुरकी मंडल प्रभारी एसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में गांव चलें अभियान को तेज करने के लिए पार्टी के द्वारा सभी गांव में एक-एक संयोजक बनाया गया, साथ ही गांव और पंचायत स्तर पर प्रवासी नेता के नेतृत्व में अपने-अपने बुथ के संयोजक सहित सभी कमेटी के पदाधिकारी गण तथा उस गांव में निवास करने वाले सभी भारतीय जनता पार्टी के नेता समर्थक के नेतृत्व में पार्टी द्वारा निर्देशित गांव चले अभियान



के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए किये जा रहे कार्यों को लोगों तक पहुंचाया जायेगा। अभियान के तहत भाजपा नेता से लेकर प्रमुख कार्यकर्ता रात्रि विश्राम से लेकर 24 घंटे गांव के बूथों पर बितायेंगे। वहीं 51 सुकन्या विवाह आगामी 28 फरवरी होने वाले विवाह कार्यक्रम को विधिवत रूप से संपन्न कराने पर जोर दिया गया। वहीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि धुरकी प्रखंड के सभी गांव में घर-घर जाकर 51 बहनों के शादी में आने के लिए पीला चावल देकर न्योता दिया जायेगा। सुकन्या विवाह आगामी 28 फरवरी को टाउंसिप के सेल मैदान में विधायक श्री भानु प्रताप शाही के आवास स्थित विधायक के अध्यक्षता में संपन्न होगा। जिसमें धुरकी मंडल पूरे शक्ति के साथ तैयारी शुरू कर दिया है। बैठक में एसी मार्च के जिला अध्यक्ष लछुमन राम ने बताया कि शादी समारोह में भोजपुरी जगत के मासहूर गायक खेसारी लाल यादव का कार्यक्रम होगा बैठक के प्रारंभ में दिनयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुस्प अर्पित कर बैठक की प्रारंभ किया गया। मौके पर धुरकी विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव रामप्रवेश गुप्ता युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज सिंह मंडल महामंत्री उपेंद्र चंद्रवंशी, मंगल यादव, एसी मोर्चा से सूचित राम एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष तेजू कोरवा सांसद प्रतिनिधि सुदर्शन गुप्ता, राजू प्रसाद, कृष्णा बैठा, सहादत अंसारी, उपेंद्र यादव, बीरेंद्र, मंडल मंत्री मदन राम बूथ अध्यक्ष सदानंद गोंड बिमलेश चौधरी राजेंद्र चौधरी दसई गोंड आदि लोग उपस्थित थे।

# पेड़ से गिरकर पूर्व मुखिया अरुण के भतीजा की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत बांदू चुतरू निवासी पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता अरूण मिश्रा के 13 वर्ष (लगभग) भतीजे की मौत रविवार को अचानक पैर फिसल जाने के कारण पेड़ से गिर कर मौत हो गयी। जिससे माता-पिता और परिवार जनों की रो-रो कर बुरा हाल है। इस दु:ख की घड़ी में जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह के साथ झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, जिला परिषद सदस्य उतरी रंका के प्रतिनिधि राहुल तिवारी, धर्मेंद्र पाठक भंडूल, मुकेश तिवारी सहित अन्य झामुमो परिवार ने घर पर पहुंच कर शोक संतप्त मिश्रा परिवार को धैर्य रखने हेतु ढाढस बंधाया।

## भविष्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है परीक्षा: सकलदीप



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दसवीं की छात्राओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। आठवीं और नौवीं कक्षा के छात्र.छात्राओं ने कार्यक्रमों से समा बांध दिया। सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है। अपने जीवन में उसे अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। आप तनावमुक्त और एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें। परीक्षा भविष्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम मे बेहतर प्रदर्शन को लेकर मिस फेयरवेल का खिताब रुक्मणी और मिस्टर फेयरवेल विशाल को दिया गया। अनुशासन के लिए बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड तान्या प्रवीण को दिया। शिक्षिका रागिनी, अंजलि और रिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बचरा उत्तरी पंचायत समिति का गठन




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के बचरा बस्ती में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राम प्रकाश महतो और संचालन संदीप कुमार महतो ने किया। इस बैठक में समिति को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने और समिति का विस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस पंचायत स्तरीय संगठन विस्तार के लिए पर्यवेक्षक के रूप जिला कमेटी से नवलेश भुईया, राजू कुमार महतो और नरेश कुमार महतो बतौर पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति बचरा उत्तरी पंचायत समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष संदीप, उपाध्यक्ष जुगेश्वर महतो, सचिव अरविंद महतो, उपसचिव रितिक महतो, कोषाध्यक्ष आर्यन महतो, उप कोषाध्यक्ष किशोर कुमार को बनाया गया।

## रेस्क्यू फास्ट एड प्रतियोगिता में एनके एरिया का रहा बेहतरीन प्रदर्शन



खलारी (आजाद सिपाही)। रामगढ़ रेलवे स्टेशन में आयोजित सीसीएल रेस्क्यू फास्ट एड प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। इस प्रतियोगिता में सीसीएल एनके एरिया की रेस्क्यू टीम को मार्च पास्ट में प्रथम पुरस्कार, स्ट्रक्चर ड्रिल में दूसरा पुरस्कार, बेस्ट कैप्टन में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं चुरी भूमिगत की महिला प्राथमिक चिकित्सा टीम को तीसरे पुरस्कार के साथ अन्य पुरस्कार भी मिले। इसका नेतृत्व महिला मायनिंग इंजीनियर सह रेस्क्यू ट्रेड वूमेन अंजलि अत्रे कर रही थी। एनके एरिया रेस्क्यू टीम को सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, डायरेक्टर टेक्निकल आरबी प्रसाद के द्वारा दिया गया। इस मौके पर एनके एरिया के खान सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद समेत रेस्क्यू टीम के सदस्य मौजूद थे।

## एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड प्रखंड के जानुमपिडी पेडाइडीह के घोड़ा मैदान में ऐतिहासिक लाख टकिया 41वां स्व मानकी फणिभूषण सिंह मुंडा स्मारक एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका आयोजन इंदिरा गांधी क्लब द्वारा किया गया, जिसमें राज स्पोर्ट्र्स बुड़ू विजेता बना उप विजेता ब्लैक पैंथर रहा प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। खेल का शुभारंभ जमशेदपुर और हुट खूंटी के बीच खेला गया। फाइनल मैच राज स्पोर्ट्र्स बुंडू और ब्लैक फेंथर के बीच खेला गया। जिसमें राज स्पोर्टस बुंडू की टीम 1-0 से विजयी रही। राज स्पोर्टस क्लब को 1 लाख 30 हजार पुरस्कार, उपविजेता ब्लैक पैंथर टीम को 90 हजार रूपया, तृतीय पुरस्कार ममता सपोटिंग तथा चतुर्थ पुरस्कार सतरंजी हुलुहुडू को 25 हजार दिया गया। इस अवसर पर मुर्गा लडांई का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक विकास कुमार मुंडा और विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू आजसु पाटी ने नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा समाजसेवी सिंगराय टुटी और मेला संयोजक मानकी उमाकात सिंह थे। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, अनूप साहू, मुन्ना महतो, मानकी उमाकांत सिंह, जिप सदस्य विजय सिंह मानकी आजसू नेता राम दुर्लभ सिंह मुंडा, डिप्टी महतो, मुखिया धन सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि रिसीकेश आदि शामिल थे।

## दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो पंचायत भवन परिसर फुटबॉल मैदान में 13वां वर्षीय आदिवासी पिछड़ी जाति जनकल्याण समिति सोड़ो द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। फाइनल मैच जी एस इंटरप्राइजस ओर डिजिटल सेवा के बीच खेला गया। जिसमें जी एस इंटरप्राइजस ने डिजिटल सेवा को 1-0 गोल दाग कर खेल प्रतियोगिता का विजेता टीम बना। वहीं प्रथम पुरस्कार जीएस इंटरप्राइजस को झामुमो नेता सुकराम हेंब्रोम के द्वारा एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रु नगद राशि प्रदान किया गया, द्वितीय पुरस्कार डिजिटल सेवा को सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुंडा, सामजसेवी उमाकांत महतो, रामप्रसाद महतो ओर उपेन चंद्र महतो के द्वारा प्रदान किया गया। वहीं तृतीय पुरस्कार मानभूम एफसी और चतुर्थ पुरस्कार डंकसाई बाबा को चालीस हजार रुपया नगद राशि समाजसेवी सह अधिवक्ता महेंद्र कुमार महतो, प्रहलाद गोप, गुप्तेश्वर महतो के द्वारा दिया गया।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

सोनाहातू। प्रखंड के चिरगालडीह गांव में रविवार को पंजाबी हिंदू बिरादरी के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन समाजसेवी प्रदीप महतो के सहयोग से किया गया। शिविर में डॉ अजय छाबड़ा, डॉ पंकज चौधरी, डॉ श्रेयसी एक्का, डॉ हिमानी नंदा, डॉ तुषार आर्या और डॉ उदीप लाल ने लोगों की जांच की। हृदय, स्त्री, हड्डी, दंत, नेत्र, सामान्य रोग और मधुमेह से संबंधित लोगों की जांच कर दवाएं दी गयीं। दवा की व्यवस्था अशोक माकन के द्वारा किया गया।

## चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने किया पिपरवार का दौरा

# आगामी चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत: भोक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने रविवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। पिपरवार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावे विस्थापित ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद बेंती खेल मैंदान में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता अर्जुन गंझू और संचालन भाजपा मंडल उपाध्यक्ष करण कुमार महतो ने किया। इस समारोह मे रामदेव सिंह भोक्ता को भाजपा का चतरा जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बुके और माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस समारोह मे समाजसेवी महेन्द्र गंझू ने पिपरवार क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओ से उन्हे अवगत कराया। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्या स्कुल, कॉलेज, चिकित्सा, रोजगार जैसी मूलभूत समस्या से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों से देश की जनता का भाजपा को आपार समर्थन मिल रहा है। चतरा जिला मे भाजपा पूरी तरह से मजबूत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया। इसके अलावे क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। इस मौके पर बेंती मुखिया सरीता देवी, पंसस कुमारी अनुप्रिया, महामंत्री मिथलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि बिजय लाल, अश्विनी दराद, ईश्वर दयाल पाण्डेय, सुजित भारती, धनराज भोक्ता, महेन्द्र गंझू, विनय पांडेय, लक्ष्मण मंडल, संजय, सुशील सिंह, प्रकाश महतो, दिलीप, आशिक अली, मनोज, मनु, बासुदेव सहित कई लोग मौजूद थे।



### कल्याणपुर चौक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का स्वागत किया

इधर दूसरी और पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बुके और माला देकर जिला अध्यक्ष का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विधायक प्रतिनिधि विजय लाल, बजरंग दल अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल, प्रमुख प्रतिनिधि अरुण उरांव, अनिल सिन्हा, देवनाथ महतो, रंजन उरांव, धनराज भोक्ता, करण महतो, दिनेश केसरी, संजय गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

## किसान मेला के दूसरे दिन किसान गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान रांची और कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेले के दूसरा दिन किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठियों में किसानों को बकरी पालन सुकर पालन मुर्गीपालन पर डॉ रवींद्र कुमार वैज्ञानिक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची द्वारा विस्तृत रूप से नयी और उन्नत प्रजातियों के बारे में जानकारी दी। बकरी सूकर तथा मुर्गी पालन के बारे में कई पशुओं की जानकारी किसानों को दी गयी, ताकि कृषक अधिक आय अर्जित कर आत्मनिर्भर बन सकें। इडीके रूसिया डीनए कृषि अभियांत्रिकी विभाग बिरसा कृषि विवि रांची और यूसी दुबे प्रधान वैज्ञानिक सीआइएई भोपाल ने कृषि में यंत्रों के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे इन कृषि यंत्रों का कृषि कार्य प्रयोग में करके समय श्रम और धन की बचत कर सकते हैं और अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। भाकृ अनुप भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थानए हैदराबाद के वैज्ञानिकों डॉ संगप्पा, डॉ श्रीनिवास और डॉ मिथिलेश ने श्री अन्न के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि आज लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी हैं। लोग मोटे अनाज के प्रति आकृष्ट हो रहे हैं। यह भी बताया कि यह आज के समय की मांग है, जो आमदनी बढ़ाने में सहायक है। अमरेश कुमार कृषि अधिकारी खूंटी ने किसानों के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। किसान गोष्ठियों का संयोजन संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ एसघोसाल द्वारा किया गया।




## आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान से अलंकृत किये जाने पर खूंटीजिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जिला उपाध्यक्ष संजय साहूए खूंटी नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो पूर्व वार्ड पार्षद अनूप कुमार साहू, कंचन सिंह, तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, रनिया मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, रनिया मंडल सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश महतो सहित कई भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी है और उनके दीघार्यु होने की कामना की।

# सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है : धर्मगुरु बंधन तिग्गा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बंदगांव प्रखंड के लुंबई में धर्म सोतो समिति शाखा लुंबई का 10वां स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर धर्मगुरु गोमेया पहानए धर्मगुरु करमू हेंबरोम और बेला मुंडरी की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख-शांति और खुशहाली की कामना की और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मगुरु बंधन तिग्गा और विशिष्ट अतिथि धर्मगुरु सोमा कंडीर और पूर्व विधायक शशिभूषण सामद उपस्थित थे। मुख्य अतिथि धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित मानव सभ्यता का प्रचीनतम धर्म है। यह सभी धर्मो का आधार और संरक्षक है। सरना धर्म के अपने धार्मिक विधि-विधान बहुमूल्य जीवन शैलीए दर्शन तथा आदर्श है, जिसमें लाखों लोगों की धार्मिक आस्था है। लेकिन राजनीतिक महत्वकांक्षा के कारण सरकार सरना धर्म कोड तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उदासीन है। सरना धर्म कोड के अभाव के कारण न केवल आदिवासियों की धार्मिक और सामाजिक एकता टूटी हैए बल्कि हम धर्मांतरण जैसी पीड़ा वर्षों से झेलने को मजबूर हैं। धर्मांतरण के कारण आदिवासियों की धार्मिक तथा सामाजिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। विशिष्ट अतिथि सोमा कंडीर ने कहा कि सिंगबोंगा की स्तुति से मानव जीवन में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शशिभूषण सामद ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा समाज को बढ़ाने का एकमात्र सशक्त माध्यम है। मौके पर धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, लाल सिंह गगरई, डॉ सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीरए धीरजु मुंडा, करमू हेमरोम, सोमा मुंडा, सोमा हेंबरोम आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में खूंटी, रांची, मुरहू, बंदगांव, अड़की, कोचांग, बिरबांकी तथा आसपास के कई गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।



# करोड़ों भुगतान के बावजूद रैयतों को नहीं मिला मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी भारत सरकार के एनएचएआई द्वारा करोड़ों भुगतान के बावजूद रैयतों को नहीं मिला मुआवजा, जिससे रैयतों ने महीनों से फोरलेन के काम बंद कर दिया है। जिससे प्रतिदिन आवागमन में दुर्घटना हो रहा है।

चचगुरा और गड़गांव के रैयतों ने लंबित मुआवजा की मांग को लेकर इटकी आरओबी फेज दो के रांची - गुमला मुख्य मार्ग पर चल रहे फोरलेन कार्य को पिछले चार माह से बंद कर रखा है। इधर पहला फेज के कुर्गी के रैयतों ने भी करीब एक वर्ष से फोरलेन कार्य को रोक लगा रखा है। रैयतों का आरोप है कि भू- अर्जन विभाग ने दुसरा फेज में पलमा से गुमला तक मुख्य मार्ग को फोर लेन के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया था। किंतु ढाई वर्ष से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद अधिग्रहित भूमि का मुआवजा रैयतों को नही दी गयी। वहीं पहला फेज पिस्का मोड़ रांची से इटकी के पलमा गांव तक के फोरलेन निर्माण कार्य में कुर्गी गांव के रैयतों को अबतक अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नही मिला है, जिससे यहां करीब सौ मीटर कार्य लगभग एक वर्ष से लंवित पड़ा है। सड़क का निर्माण नही होने से मार्ग के बिचोबीच बड़ा गड्ढा बन गया है। वहां पानी जमा हो कर तलाब का रूप ले रखा है। दुर्घटना में दो लोगो की मौत हो चुकी है। यहां बार बार हो रहे दुर्घटना को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा एहतियात के लिए ब्रेकेटिंग लगा रखा है। एनएचएआई द्वारा करोड़ों भुगतान के बावजूद रैयतों को नही मिल सका है मुआवजा। इटकी आरओबी के फेज दो पलमा से बेड़ो सीमा तक के रैयतों को भुगतान के लिए एनएचएआई 9 करोड़ भुगतान कर दिया है किन्तु रैयतों को अबतक लंवित राशि का भुगतान नही की गयी है। पैसा नही मिलने के कारण चचगुरा और गड़गांव के रैयत एनएचएआई के फोरलेन कार्य को पिछले 14 अक्टूबर से बंद कर रखा है। इधर इटकी आरओबी नारो टिकरा टोली में पहला फेज के लिए पिछले जनवरी माह में एनएचएआई ने 37 करोड़ भुगतान किया था। लेकिन कुर्गी के रैयतों को अबतक मुआवजा का भुगतान नही किया जा सका है।



**सीओ ने मार्ग जल्द निर्माण के लिए डीएलओ को भेजे कई पत्रः** सीओ विजय कुमार ने बताया कि रैयतों के भुगतान और मार्ग के निर्माण को लेकर एक दर्जन से अधिक बार डीएलओ को पत्र भेजा जी चुका है। पिछले दिन विभागीय अधिकारियों के साथ कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया है जल्द ही रैयतों के लंबित भुगतान कर दिया जायेगा।

## खूंटी से मैसूर भेजे गये 20 आदिवासी



खूंटी (आजाद सिपाही)। 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नेहरू युवा केंद्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 20 आदिवासी युवक-युवतियों को रविवार को बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्रा के निर्देश पर मैसूर के लिए रवाना किया गया। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षों से सीआरपीएफ और नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आदिवासी युवक-युवतियों को देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में मानसिक और कौशल विकास के लिए भेजा जा रहा है। इस बार आदिवासी युवक और युवतियों के कुल 12 बैच को देहरादून, जम्मू कश्मीर, नासिक, मुंबई, कोलकाता, पुणे, मैसूर, बेंगलुरू, हैदराबाद, नागपुर और लखनऊ के लिए 260 युवक और युवतियों को खूंटी जिले से भेजा जाना है। इसी क्रम में रविवार को 12वीं बैच को मैसूर के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा-युवतियों को मैसूर में छह से 12 फरवरी तक रखा जायेगा। वहां वे राज्य की संस्कृति कला और परिवेश से अवगत होंगे। मृत्युंजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारी ने युवक और युवतियों का उत्साह वर्धन किया तथा हरी झंडी दिखाकर उनके वाहन को रवाना किया। मौके पर मृत्युंजय कुमार द्वितीय कमान अधिकारीए अंजन कुमार मंडल और संतोष कुमार केण के अलावा अन्य अधिकारी गण और जवान उपस्थित थे।

## लालृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर भाजपाइयों में हर्ष

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान से अलंकृत किये जाने पर खूंटीजिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, खूंटी नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, पूर्व वार्ड पार्षद अनूप कुमार साहू, रनिया मंडल सांसद प्रतिनिधि नारायण साह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश महतो सहित कई भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त करते हुए लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी है और उनके दीघार्यु होने की कामना की।

## पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान ने गरीबों में बांटा कंबल



पिपरवार (आजाद सिपाही)। पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान ने क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए शमशेर खान के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र में घूम-घूमकर असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा गया। उन्होंने अपनी ओर से कुल 11 गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल बांटा। इस मौके पर पुलिस मेंस एसोसिएशन आईआरबी थ्री के अध्यक्ष शमशेर खान, उपाध्यक्ष बिजय केरकेट्टा, मंत्री सुजीत कुमार, परेश मरांडी, प्रहलाद, गोल्डेन चौबे, पवन महतो, जितेंद्र शुक्ला सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## केज कल्चर विधि से मछली पालन सराहनीय : संतोष कुमार

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार तथा अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य रविवार को धमधमिया नौ नंबर स्थित मछली पालन का केज कल्चर प्रणाली देखने पहुंचे। उनके साथ उनके परिवार के लोग भी थे। सभी लोग मोटर वोट से जलाशय के बीच स्थित केज पर गये। समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझू ने केज कल्चर विधि से मछली पालन की जानकारी दी। बीडीओ ने केज कल्चर विधि से हो रहे बड़े पैमाने पर मछली पालन की सराहना की। कहा कि यहां घूमकर बहुत अच्छा लगा है। इस मौके पर समिति के मत्स्यजीवी समिति के अध्यक्ष बालेश्वर गंझू, अरनुस कंदीर, सरजू तुरी, राजू लोहरा, रामप्रसाद गंझू, दुर्गा , दीपक आदि उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय से रैयत का अभिलेख गायब होने पर मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी के तत्वावधान में कोनका धुर्वा मोड़ में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने किया।बैठक में कोनका निवासी फिरोज खान का अंचल कार्यालय से जमीन संबंधित अभिलेख गायब होने को लेकर चर्चा की गयी। शिवनारायण लोहरा ने कहा कि एक रैयत फिरोज खान का जमीन संबंधित अभिलेख अंचल कार्यालय खलारी से गायब हो जाना बहुत ही चिंता की बात है। इस मामले पर अंचल कार्यालय से किसके द्वारा यह अभिलेख पेपर गुम हो गया जो जांच का विषय है और अंचल कार्यालय की लापरवाही को भी दशार्ता है। अंचल अधिकारी से आग्रह किया गया है कि जल्द से जल्द अभिलेख को खोजबीन किया जाय क्योंकि एक रैयत की नौकरी का सवाल है। क्योंकि इसी अभिलेख पेपर के माध्यम से फिरोज खान का मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन पर जमीन के बदले नौकरी मिलनी है। वहीं इसके साथ अन्य रैयतो का अभिलेख भी था, जो ठीक है। और केवल फिरोज का अभिलेख गायब हो गया और फिरोज खान को कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। लेकिन अंचल के द्वारा अभिलेख नहीं मिल रहा है यह बात कहीं जा रही है। बैठक में भरत महतो, बिनोद मुंडा, फिरोज खान, वसीम अंसारी, सहादत, नौशाद, जसीम सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 18 एकड़ में लगे अफीम के पौधों को नष्ट किया गया

बुंडू(आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलाडीह पंचायत के तिलाईमाचा में रविवार को अफीम की खेती के विरुद्ध बुंडू थाना के नये थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण के नेतृत्व में विनष्टीकरण अभियान चलाया गया। जिसमें कुल करीब 18 एकड़ खेत में लगे अफीम के पौंधा को विनष्ट किया गया। इस अवसर पर एस आई अभय कुमार सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

बुंडू(आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचवटी होटल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार के लगभग रात 7:30 की है शव को बुंडू पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी है। कल सुबह शव का पोस्टमार्टम होगी।

## राणाडीह में हाथियों ने दो घर गिराये

सोनाहातू। प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह गांव में शनिवार रात को चार की संख्या में हाथियों का झुंड गांव में दो घर को ध्वस्त किया है। गांव के हीरालाल महतो और लखिंदर महतो के घर को हाथी ने धवस्त किया। इधर गलऊ पंचायत के वनडीह गांव के रविन महतो के एक एकड़ में तैयार आलू फसल को जंगली सूअर ने रौंद दिया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## मारुति मंगल परिवार ने लिया मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मारूति मंगल परिवार के अध्यक्ष विक्रम महतो की अध्यक्षता में रविवार को जिला समिति सदस्यों एवं पदाधिकारियों की अर्धमासिक बैठक हुई। जिसमें संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर समीक्षात्मक विचार -विमर्श एवं सात जिलों (हजारीबाग, सिमडेगा, रामगढ़, लोहरदगा, खूंटी, गुमला और रांची) में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रत्येक जिला के प्रखंड गांवों में जाकर परिवार के सदस्य निःस्वार्थ भाव से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही मतदान कैसे हमारा विशेषाधिकार है और मतदान के महत्व को विस्तारपूर्वक बतायेंगें। ज्ञात हो कि मारूति मंगल परिवार सर्वसमाज के उत्थान के लिए जुआ, शराब, अंधविश्वास, बाल-विवाह, सड़क दुघर्टना, मृत्यु भोज एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर संगठन के प्रमुख सुमेश कुमार, सचिव मदन कुमार जिला समिति सदस्य अमरनाथ भोगता, जन्मेजय महतो, धरमचंद महतो, बालकिशोर मुंडा, कामेश्वर बेदिया, मनोज महतो, निरंजन गोप, पवन कुमार, जितवाहन प्रजापति, जयप्रकाश उरांव, भोला कोइरी, अजय जोगी, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़ा-कंबल वितरित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक की टीम ने मांडर प्रखंड के प्रयागो मानपुर में रविवार को 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़ें व कंबल का वितरण किया। जिसकी अगुवाई कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने किया। कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि लोगों को ठंढ से बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है। कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण कर रहा है, ताकि लोगों को ठंढ से बचाया जा सके। जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया जा सके। मौके पर कैलाश कुमार, शक्ति साहू, अनुज कुमार गुप्ता, रवि केशरी आदि मौजूद थे।

## रातू सिमलिया में गोदाम का ताला तोड़ कर टाइल्स चोरी का प्रयास, पुलिस देख भागे चोर




**रातू (आजाद सिपाही)।** चोरों ने थाना क्षेत्र के सीमलिया स्थित सीपी टाइल्स नामक टाइल्स की गोदाम का शनिवार की रात रात 11 बजे ताला तोड़कर टाइल्स चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस की गस्ती टीम के वहां से गुजरते के दौरान कुछ लोगों को ऑटो के साथ गोदाम के पास खड़े देखा। संदेह होने पर पुलिस वहीं रूक गइ और उनकी ओर बढ़ने लगी। तभी पुलिस को आता देख सभी चोर ऑटो छोड़कर फरार हो गये। चोर गोदाम में लगे ताले को तोड़कर टाइल्स की चोरी का प्रयास कर रहे थे। पुलिस में गोदाम मालिक को चोरी की सूचना दी। इसके बाद पंडरा राधा नगर के रहने वाले गोदाम के मैनेजर पंकज कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ऑटो मालिक की तलाश में जुट गई है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रातू में बैठक, शामिल होंगे 10 हजार कार्यकर्ता

**रातू (आजाद सिपाही)।** धुर्वा शहीद मैदान में सोमवार को आयोजित राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रातू के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरण अभियान चलाया गया। कोंग्रेस के प्रखंड समिति के अध्यक्ष कुशल उरांव के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान में सैकड़ों लोगो ने हिस्सा लिया। रातू से लगभग 10 हजार लोग न्याय यात्रा में शामिल होने शहीद मैदान पहुंचगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रातू उतरी मंडल अध्यक्ष अतुल राज, दक्षिणी के रुस्तम अंसारी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शकुंतला देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जाकिर अंसारी, एसटी मोर्चाअध्यक्ष प्रेमचंद मुंडा, मंसूर अंसारी, मंजूर अंसारी, जसीम अंसारी, अक्लिमा खातून, प्रेमलता तिग्गा, लक्ष्मी भगत, सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, महादेव उरांव, सुदामा गोप, बसंत उरांव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, संदीप मिंज, चिंतामणि गोप, कृष्ण गोप, पंचम उरांव, करमा महतो, पीतांबर महतो, सोना मनी उरांव, बसंत उरांव, बिरसा उरांव, कलाम अंसारी, सुनील उरांव, विमलेश मुंडा, ज्योति भगत, अनवर अंसारी, रीता भगत, अब्दुल मन्नान आदि खास भूमिका निभा रहे है।

## नव नियुक्त अध्यक्ष पवन साहू का पार्टी कार्यालय में किया गया भव्य स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नव नियुक्त अध्यक्ष पवन साहू का रविवार को पार्टी कार्यालय में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेताओं को धन्वाद देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने फिर से पवन साहू पर भरोसा और विश्वास जताया है। जिस पर पवन साहू विश्वास के साथ खरा उतरेंगे। कहा कि इनके नेतृत्व में मोर्चा अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ायेंगी। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा दक्षिणी प्रमंडल प्रभारी बिक्कू सिंह, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल किसान मोर्चा प्रभारी प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अनिल कुमार, सुरेंद्र नाथ, सफदर अली, कृष्णा कुमार आदि थे।

## रातू में सड़क हादसा व्यवसायी की मौत



रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ललितग्राम निवासी सुरेश गुप्ता (55) की रविवार की शाम सात बजे सड़क हादसे में मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक सुरेश अपने तिलता स्थित प्रतिष्ठान से बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पेट्रोल पंप से आगे बढ़े, सामने से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से सुरेश को हर्षित अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर टक्कर मारने वाले वाहन व चालक का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### हुंकार : लुपुंगा में जमीन बचाने की मांग को लेकर आदिवासी ग्रामीणों ने की सभा

# दलालों व भू-माफियाओं के चंगुल से अब सरना मसना हड़गड़ी भी सुरक्षित नहीं बचा : रामकुमार

जेपीसी इंटरप्राइजेज के मालिक नीरज सिंह के माइंस का बंदोबस्त रद्द कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के टुंडाहुली पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य गांव लुपुंगा ढटवा टुंगरी परिसर में रविवार को आदिवासी ग्रामीणों की ओर से सभा की गई। जिसमें लुपुंगा, पिपराबंडा, बिजांग टुंडाहुली सहित कई गांवों के लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि लुपुगा गांव के ढटवा टुंगरी में आदिवासी का सरना मसना व हडगडी स्थल के साथ बगल की जमीन में सैंकडों साल से खेती बारी करते आ रहे गांव के भुनेश्वर मुंडा, चमना मुंडा, शनिचरवा मुंडा, जीरन देवी, गुडरा मुंडा, सुखुवा मुंडा, बुधराम मुंडा और अघनी देवी के नाम से खाता 24 प्लांट 46 रकवा 326 नाम से बंदोबस्त की गई है। जिसकी रसीद पिछ्ले महीने तक कटा है। उक्त जमीन को भू-माफियों की मिलीभगत से पत्थर माईंस खोलने के लिए नीरज सिंह जेपीसी इंटर प्राइजर के नाम से बिना ग्रामसभा कराए फर्जी ग्राम सभा दर्शाकर कर पूर्व के बंदोबस्त को रद्द किए बिना ही फिर से बंदोबस्त कर दिया गया है। उक्त जमीन को बचाने के लिए रांची डीसी, झारखंड सरकार के मुख्य सचिव और ओरमांझी सीओ के नाम ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त लिखित ज्ञापन देकर वर्तमान में किए बंदोबस्त को रद्द कर इसमें सम्मिलित दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। बंदोबस्त नहीं करने पर आंदोलन करने की बात कही गई है। उक्त सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने लोगों से कहा कि इस सरकार में जमीन दलाल व भू-माफियाओ का मनोबल काफी बड़ा हुआ है। इसी का नतीजा है पहले से बंदोबस्त रहते हुए दूसरे बाहरी कंपनी का बंदोबस्त करना कानूनन भी गलत है। आदिवासियों के धार्मिक स्थल सरना मसना हडगडी को भी अब नहीं छोड़ा जा रहा है। इसे बचाने के लिए सभी को संगठित रह कर आंदोलन करना होगा। इस पर मौके पर मौजूद लोगों ने जमीन को बचाने के लिए संकल्प लिया। कहा कि जमीन बचाने के लिए जान भी देने से पीछे नहीं हटेंगें। सभा का संचालन अरविंद मुण्डा ने किया। इस मौके पर टुंडाहुली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया, पंसस रीना मुंडा, सखीनाथ मुंडा, कृष्णा मुंडा, बिरसा मुंडा, राजेंद्र मुंडा, जीवन मुंडा, जगमोहन मुंडा, निर्मला देवी, चंद्र मोहन बेदिया, काली चरण मुंडा, उषा देवी, प्रदीप नायक, संजय पहान, चरकी देवी, सुकर मनी देवी, आरती देवी, जीरामनी देवी, संजू कुमारी, बीना कुमारी, कुशुम कुमारी, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।



सभा को संभोधित करते भाजपा के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन व अन्य।

## हातमा जंगल से बरामद शव की हुई पहचान, बहन व मंगेतर के साथ जन्मदिन मनाने के बाद से थी लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के हातमा जंगल से शनिवार को बरामद युवती के शव की पहचान कर ली गई है। मृतका का नाम मिनी पांडे (20) है। वह चान्हो थाना क्षेत्र के ओपा गांव की रहने वाली थी। पुलिस की मानें तो विगत दो फरवरी को वह अपने मंगेतर और रांची में रह रही छोटी बहन के साथ अपना जन्मदिन रांची के रंगोली होटल में मनाने पहुंची थी। मृतका की बहन पूजा पांडे ने बताया कि दो फरवरी को अपराह्न तीन बजे उन लोगों ने मिनी पांडे को एक सिटी बस में बैठाकर चान्हो के लिए रवाना कर दिया थाा। बहन से घर पहुंचने पर फोन कर सूचित करने को भी कहा था लेकिन उसका फोन नहीं आया। इसके बाद शाम छह बजे कई बार उसने मिनी को को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। घर में फोन करने पर पता चला कि देश रात तक भी वह घर नहीं पहुंची थी। जिसके बाद से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। देर रात तक उसका कुछ भी पता नहीं चला। इस बीच शनिवार को परिजनों को अखबार के माध्यम से मांडर में एक लड़की का शव बरामद होने की सूचना मिली। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे। तो कपड़ों और अन्य सामानों से मिनी की पहचान की। दूसरी ओर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया संदेह के आधार पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। जल्द ही मौत की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा।

## जल्द ही चूल्हा प्रमुख बनाकर आगामी चुनावों की तैयारी शुरू कर दें कार्यकर्ता : जितेंद्र सिंह


आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड के बड़ाम और टाटीपश्चिमी पंचायत में रविवार को आजसू के पंचायत प्रभारी और ग्रामप्रभारी की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता खिजरी विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने संयुक्त रुप से किया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी को निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द चुल्हा प्रमुख बनाने का कार्य करें एवं आगामी चुनावों के लिये तैयारी शुरू क रें। इस दौरान कई युवाओं ने आजसू सुप्रीमो के कार्य एवं पार्टी के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर आजसू का दामन थाम लिया है। बैठक में जयंती देवी, कमला देवी, सावित्री देवी, गीता देवी, सुनीता टोप्पो, पंकज केर-केट्टा, अमरेश महतो, कृष्णा नायक, राहुल करमाली, सरोज सांगा, रवि नायक, बसंत नायक, सुमित नायक, एमएन महतो, सुनैना कच्छप, सोमारी देवी, सिवानी देवी, बालो देवी, कल्याणी कुमारी, सोभित टोप्पो, ममता देवी, लीना रानी, शर्मिला देवी, कंचन देवी, पुष्पा देवी, जेएल महतो आदि मौजूद थे।

## बेड़ो में जंगली हाथियों का उत्पात, पांच किसानों की फसलों को रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के बोदा गांव में पांच जंगली हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात करीब दो बजे जमकर उत्पात मचाता। खेत में लगे मटर,आलू, सरसो व गेहूं के फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। जंगली हाथियों ने बोदा गांव निवासी हरिमोहन गोप, शिव नारायण गोप और सुधीर मुंडा के मटर व सरसों और शंभु गोप के आलू समेत सत्येंद्र गोप के गेहूं के फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद किया है। यह देख किसान कराह रहे हैं। इधर जंगली हाथियों के चलते ग्रामीण शाम होते ही अपने घरों में दुबक जाने को विवश हैं। वहीं जिम्मेदार उदासीन हैं। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## रातू फेटा से ट्रक चोरी, प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फेटा गांव में शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने एक ट्रक की चोरी कर ली। टर्बो 709 के मालिक रातू इतवार बाजार निवासी पंचम कुमार सिंह के चालक फेटा निवासी सूरज के घर से वाहन चोरी हुई है। शनिवार की रात उसने अपने घर के आंगन में वाहन खड़ी की थी। गाड़ी में जीपीआरएस लगा हुआ था। चोर जीपीआरएस बंद करने के बाद गाड़ी ले भागे। मामले को लेकर वाहन मालिक पंचम सिंह ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का समापन

# दोनों वर्गों में महाराष्ट्र की टीम ओवरऑल विजेता कर्नाटक-केरल ने जीता बेस्ट फेयर प्ले का पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राज्य शिक्षा परियोजना की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 अंडर 14 बालक-बालिका वर्ग के खो-खो प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। दोनों वर्गों में महाराष्ट्र की टीम ओवरऑल विजेता बनी। बालक वर्ग में महाराष्ट्र के ओमकार सावंत और बालिका वर्ग में मैतिली पवार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। जबकि बालक वर्ग में दिल्ली सेकंड रनरअप, तेलंगाना रनरअप टीम बनी। बालिका वर्ग में कर्णाटक की टीम सेकंड रनरअप और हरियाणा की टीम रनरअप बनी। टूर्नामेंट के बेस्ट फेयर प्ले टीम का पुरस्कार बालक वर्ग में कर्नाटक और बालिका वर्ग में केरल की टीम को मिला। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची के कलाकारों द्वारा नागपुरी लोक नृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों का मनमोहक प्रस्तुति दी गई। मौके पर आयोजन सचिव सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, एसडीइओ बादल राज, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवेंद्रनाथ दूबे, झारखंड राज्य खो-खो संघ के महासचिव संतोष प्रसाद, एसजीएफआई के क्षेत्र आब्जर्वर विनोद कुमार सिंह, आब्जर्वर पवन कुमार शर्मा समेत खेलकूद कोषांग के अन्य सदस्य मौजीद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लापुंग और खूंटी जिला के विहिप कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में किये प्रभु श्रीराम लला के दर्शन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** अयोध्या धाम राम जन्म भूमि में खूंटी जिला से विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कुल 55 लोग पहुंचे और प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। उसमें खूंटी जिला विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रांत के निर्देशानुसार भगवान राम के दर्शन किए। आस्था स्पेशल ट्रेन टाटा से हटिया, रांची, मुरी व बोकारो होते गए अयोध्या पहुंचे थे। जहां सरयू नदी में स्नान कर कुछ लोग राम मंदिर, भरत हनुमान मिलन, भरत कुंड के दर्शन किए। जबकि रविवार को भगवान राम का दर्शन करने के उपरांत रात आठ बजे की आस्था ट्रेन से अयोध्या से वापस रांची व टाटानगर के लिए प्रस्थान किए। इसमें विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष लापुंग के रामप्रसाद साहू, मंत्री समीर गुप्ता, बजरंग दल के संदीप साहू, कर्रा के राजेंद्र कुमार राणा, खूंटी जिला विहिप अध्यक्ष विनोद जयसवाल, वीरेंद्र सोनी ने अयोध्या धाम के व्यवस्थापक समिति को धन्यवाद दिया। खूंटी के अलावे रांची, गुमला, रामगढ़, बोकारो सहित अन्य जिलों व राज्य से लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान राम का दर्शन किया।

## सांसद समाधान केंद्र में जिप सदस्य एवं मुखिया का किया गया भव्य स्वागत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र परिसर में जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा एवं खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप का भव्य स्वागत किया गया। बतातें चलें कि 17 दिसंबर को जिप सदस्य एवं खिजरी मुखिया कांग्रेस छोड़कर बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया। रामवतार केरकेट्टा ने कहा कि मोदी सरकार के शासन काल में सभी का विकास हो रहा है। उन्होंने लोगों से केंद्र में मोदी एवं राज्य में बाबूलाल मरांडी की सरकार बनाने की अपील की। मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, बनो और बनाओं मंच के अध्यक्ष रामाधार सिंह, सचिव अखिलेश यादव, अनिरुद्ध पांडेय, रविंद्र सिंह, गोपाल चौधरी, गोरखनाथ सिंह, नीरज यादव, कौशल सिंह, अरविंद्र कुमार, रंजीत पाल, तुलसी गोप, रामकिशुन साव, बिहारी साव, अनिल सिंह के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से स्वागत किया।

## झारखंड कलाकार एसोसिएशन ने बंटी सिंह को दी श्रद्धांजलि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कलाकार एसोसिएशन रांची के तत्वावधान में रविवार को गेतलसुद स्कूल मैदान में श्रद्धांजलि सभा कर झॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कलाकार स्व बंटी सिंह की दूरसी पुण्य तिथि पर नमन किया। स्थानीय कलाकारों ने कहा कि स्व बंटी सिंह नागपुरी संगीत जगत के सुपर स्टार थे। उन्होंने झारखण्ड की नागपुरी लोक कला और संस्कृति को देश-विदेश तक प्रचारित प्रसारित किया था। आज नागपुरी झॉलीवुड जगत में बंटी सिंह की कमी खल रही है। मौके पर एसोसिएसन के अध्यक्ष सिकंदर महतो, एसएस मेमोरियल कॉलेज के प्रो सत्यदेव मुण्डा, नागपुरी कलाकार राज पांडेय, मीडिया प्रभारी अजय कुमार करमाली, पंसस बीसा मानेश्वर मुण्डा, भरत पाण्डेय, किशोर करमाली, भोला नायक, बनू बेदिया, अशोक बेदिया आदि उपस्थित थे।

## ओरमांझी : जागरण में बही भक्ति की बयार

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दुर्गा महादेव मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित नव चंडी महायज्ञ कलश विसर्जन के बाद रात में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें आए कलाकारों में भजन गायक शुभम जटाधारी, जुगल दडगल, गायिका तत्सा गुप्ता और सुनीता के एक से बढ़कर एक गाने व झांकी से लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। जागरण का शुभारंभ क्यूरेस्टा ग्लोबल हास्पीटल के संचालक द्रविड़ सिंह, युवा समाज सेवी अभिषेक गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार मेहता ने माता रानी की आरती व चुनरी चढा कर किया गया। संतोष गुप्ता व अमर साहू गुड्डू को पुजा में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर आशीष साहू, राज गौरव तिवारी, मुखिया दीपक बड़ाईक, उप मुखिया संतोष गुप्ता आदि मौजूद थे।

## पर्यावरणविद ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ आम का पौधा देकर किया उत्साहवर्द्धन

# खेल में अनुशासित रहने वाले खिलाड़ियों को नहीं देखना पड़ता हार का मुंहः कौशल

**सुखद जीवन के लिए भोजन के साथ मनोरंजन भी महत्वपूर्ण, खेल के साथ पर्यावरण धर्म से भी जुड़े खिलाड़ी : कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते पर्यावरण धर्मगुरु कौशल किशोर जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत चराई पंचायत के खेल मैदान में वहां के मुखिया रविंद्र राम की अध्यक्षता में चल रहे सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का खिताब मुरुमदाग की टीम ने अपने नाम किया। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, प्रखंड प्रमुख प्रमिला देवी, समाजसेवी अरविंद कुमार, मुखिया रविंद्र राम, समाज सेवी सुभाष चंद्र बोस, हटुकदाग पंचायत के मुखिया राजेंद्र सिंह खरवार एवं झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवार ने संयुक्तरूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पर्यावरणविद कौशल किशोर ने औपचारिक रूप से बल्लेबाजी कर खेल को प्रारंभ करने की हरी झंडी दी। उक्त मैच में कुल 16 टीमें ने भाग लिया था। जिसमें सिलदाग और मुरुमदाग की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में सिलदाग ने बैटिंग करते हुए 173 रन का स्कोर खड़ा किया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी मुरुमदाग की टीम के खिलाड़ियों ने अंतिम में छक्का जड़ कर 174 रन का लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। चराई पंचायत के मुखिया रविंद्र राम ने उप-विजेता टीम को ट्रॉफी और चेक देकर सम्मानित किया। वहीं मुख्य अतिथि कौशल किशोर जयसवाल ने विजेता टीम को ट्रॉफी और चेक देकर खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने दोनों टीम के कप्तानों को ट्रॉफी के साथ-साथ आम के पौधे भी देकर उन्हें सामाजिक दायित्वों के तहत पर्यावरण धर्म से जुड़कर विश्व में फैली प्रदूषण के जहर को कम करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा ही अपने जीवन की सुरक्षा है। इसीलिए वे जीवन से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण अवसरों पर सभी धर्म समुदाय के लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म से जुड़कर पृथ्वी,प्रकृति व पर्यावरण की रक्षा करने की न सिर्फ अपील करते हैं बल्कि उन्हें निःशुल्क पौधा देकर उस अभियान में शामिल होने का अनुरोध भी करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति व टूनामेंट में शामिल सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज ऐसे आयोजनों की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है।

मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुखिया रविंद्र राम, सचिव रामपुकार साव, सहसचिव अभिमन्यु ठाकुर, डाली के उप मुखिया अफजाल अंसारी, सचिन पांडेय, रवि रंजन प्रसाद, अमित ठाकुर, सहयोगी कुश, सोनू, मुकेश, अंकित, अनूप, नवनीत, अनिल, प्रिंस, आलोक, ज्ञानी सिंह, विपिन यादव, मदन यादव, मीडिया प्रभारी उपेंद्र सिंह व डीके सरकार सहित हजारों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# पांकी के विकास के लिए हर समय तत्पर हूं : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता


योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक व पूर्व सांसद।

**पांकी/पलामू।** नीलाम्बार पिताम्बरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हाउस में रविवार को स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधायक निधि फंड से एक करोड़ 17 लाख 95 हजार रुपये की लागत से पीसीसी पथ, पुलिया, सड़क मरम्मती, शमशान घाट, आहर, छठ घाट, विवाह मंडप, फेवर ब्लॉक, चबूतरा नाली निर्माण सहित तेतालिस योजना का विधिवत पूजा पाठ कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरा पहली प्राथमिकता है। पांकी विधानसभा के हर गावं मुख्य सड़क से जुड़े इसके लिए मैं हमेशा प्रयास कर रहा हूं। लगभग पूरे विधानसभा में सड़क का स्वीकृत हो चुका है। बाकी सड़को में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनता कहे या फिर नही कहे मेरे जबाबदेही में शामिल है।

मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, मंदीप मेहता,गीता देवी, सुदेश यादव,भजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, अजित प्रसाद गुप्ता, कमेश यादव, सुनील कुमार पासवान, लाला यादव, रिंकू यादव, जाफर अंसारी आदि थे।

# संत मरियम स्कूल ने किया विज्ञापन फिल्म के कलाकारों को सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में शहर के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा बनाया गया स्कूल का विज्ञापन फिल्म भी लांच किया गया। लांचिंग के साथ ही फिल्म वायरल हो गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने बताया कि जिस तरह का विज्ञापन बड़े चैनल में दिखाया जाता है उस तरह का फिल्म अपने शहर के कलाकारों द्वारा बनाया जा रहा है और उसे लोग पसंद कर रहे है यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकार या स्थानीय किसी भी प्रोडक्ट को प्रोत्साहित करना संत मरियम स्कूल का लक्ष्य रहा है, उसी के तहत स्थानीय स्तर पर एक विज्ञापन फिल्म बनाया गया है। अविनाश देव ने कहा कि आगे भी इन कलाकारों के माध्यम से विद्यालय के बच्चो को नाटक में और फिल्म में अभिनय, फिल्म मेकिंग आदि की बारीकियों को सिखाया जाएगा।

मौके पर मौजूद वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती ने कहा कि अब समय है की बेड़ियों को तोड़कर आसमान में उड़ान भरा जाए,अपने सपनो को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कला के क्षेत्र में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं, जब विद्यालय में इसे लेकर प्रशिक्षण कराने की विषय में विचार किया जा रहा है तो बच्चों को इसका लाभ लेना चाहिए। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के निर्देशक सह वरीय रंगकर्मी सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, अविनाश तिवारी, राहुल कुमार, राज प्रतीक पाल, आसिफ खान, गिरेंद्र यादव, राजेश कुमार, ज्योत्षना पाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य आदर्श देव, उत्कर्ष देव, शिक्षक नरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# बीडीओ और मुखिया ने किया पथरा में बालू घाट का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत स्थित कररबार नदी के समीप रविवार को बीडीओ रोशन कुमार और मुखिया नरेश कुमार पासवान आदि ने संयुक्त रूप से ग्रेड वन बालू घाट का उद्घाटन किया। बीडीओ ने कहा कि पलामू डीसी के निर्देश पर श्रेणी एक का बालू घाट शुरू किया जा रहा है। घाट से बालू उठाव कर पंचायत क्षेत्र के पीएम आवास सहित अन्य विकास योजनाओं में उपयोग हो सकेगा, जिससे क्षेत्र का समुचित विकास होगा। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि बालू का उपयोग सही कार्यों में करें। इसका दुरुपयोग ना करें। वहीं मुखिया नरेश कुमार पासवान ने कहा कि अब पंचायत में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं अबुआ आवास, सड़क, कुआं आदि के निर्माण में गति आएगी। इससे आम लोगों का विकास होगा। मौके पर उप मुखिया कुसुम देवी, अमीन विनय कुमार, पंचायत सेवक नारायण सिंह, रोजगार सेवक राजेंद्र राम, वार्ड सदस्य रीना देवी, विजय पासवान, संजय कुमार, गोविंद वर्मा, अभय सिंह, प्रवेश पासवान, रविंद्र कुमार, राजकुमार, संजू कुमार पासवान, दीपक कुमार, दिनेश पासवान, विनय पासवान, मनोज पासवान, दिनेश यादव, आलोक कुमार, अरविंद कुमार आदि मौजूद थे

# हमलोग मिलकर रहेंगे, तभी मिलेगा हमारा हक-अधिकारः ब्रह्मदेव प्रसाद

**लातेहार के ओबीसी पिछड़ा वर्ग की ओर से की जाएगी विशाल सभा**

**- 11 फरवरी को मेदिनीनगर में होने वाले महासम्मेलन को लेकर चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल एवं राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लातेहार की ओ्र से 11 फरवरी को शिवाजी मैदान डाल्टनगंज में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता व अधिकार महासम्मेलन की तैयारी के लिए चलाया जा रहा रथ यात्रा लातेहार जिला पहुंच। लातेहार जिला के ओबीसी समुदाय के लोगों ने डाक बंगला के परिसर में विशाल सभा कर यह सुनिश्चित किया कि हमें अपना हक और अधिकार के लिए खड़ा होना ही पड़ेगा। इसमें जाति आधारित जनगणना करना, जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना, जनसंख्या के आधार पर सभी सरकारी नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित करना तथा झारखंड के सभी जिलों में ओबीसी का आरक्षण तत्काल सुरक्षित करना आदि विषयों पर चर्चा हुई। मौके पर ओबीसी संयोजक मंडल पलामू प्रमंडल ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र के हिसाब से ओबीसी समाज के निर्माण में अपनी भूमिका अलग बनानी होगी हम में चाणक्य और चंद्रगुप्त छिपे पड़े हैं बस उन्हें निखारने की देर है। क्यों कि सबसे शक्तिशाली वंश के रूप में मौर्य वंश को जाना जाता है जिन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति को बदल कर रख दी थी,आप सभी ओबीसी पिछड़ा वर्ग समाज से मैं अनुरोध करता हूं की भारी से भारी संख्या में 11 फरवरी को शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में उपस्थित होकर अपने समाज में अपनी भूमिका को प्रदर्शित करें। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला लातेहार के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि हमें एकजुट होने की जरूरत है ताकि सरकार तक हमारी बात पहुंच जाए। युगल पाल ने कहा कि सभी समुदाय को उनका अधिकार मिल चुका है। चाहे वह स्वर्ण समुदाय से हो चाहे वह स्टेशी समुदाय से हो उनका हक उनका अधिकार और उनकी आरक्षण उनको मिल चुकी है पर आज ओबीसी समुदाय इस सूची से अलग है आखिर क्यों।

## अरविंद दूबे बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के चौरा पंचायत अध्यक्ष



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक नीलांबर पीतांबरपुर पुराना ब्लौक परिसर में प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड में सभी पंचायतों में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की कमेटी गठित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को सर्वसम्मती से अरविंद दूबे को चौरा पंचायत अध्यक्ष और विकास पाण्डेय को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा है कि बहुत जल्द ही प्रखंड के सभी पंचायत का कमेटी गठन कर ली जाएगी। नये पदाधिकारी को शुभकामना देते हुए समाज के दायित्व को ईमानदारी पूर्वक निभाने के लिए बात कही है। मौके पर अक्षय तिवारी,अशोक भारती, रामस्वरूप पांडे आदि थे।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

## संत रविदास जयंती मनाने को हुआ कमेटी का गठन, विजय अध्यक्ष और अनिल बने उपाध्यक्ष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समजसेवी विजय कुमार रवि व संचालन विजय पेंटर ने किया। बैठक में निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी भी मौजूद रही। इस दौरान संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जायेगी। जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जबकि अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, विजय पेंटर को सचिव, रामचंद्र राम को उप सचिव, सतेंद्र रवि व कमलेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कमेटी के संरक्षक के रूप में यदुनी राम, हरिशंकर राम, शिवनाथ राम, कन्हाई राम, महाबीर राम, बिनोद राम, नारायण राम, कृष्णा राम, बैजनाथ राम, नरेश राम, रामस्वरूप राम, रामलगन राम,रामजी राम,राजनाथ राम,रामनाथ राम,अशोक राम,सुदामा राम,देववंश राम,जितेंद्र कुमार,गणेश राम,भरदुल राम,बलि राम व अनिल राम को चुना गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। कार्यकरणी में संजय कुमार,मुकेश कुमार, रामवदन कुमार,सतेंद्र कुमार, असर्फी राम, बबलू कुमार,अजय कुमार, हरकेश राम, फरेश राम, नरेश राम, अंतु कुमार,संतु कुमार,पुटुन कुमार, उपेंद्र कुमार,राजेंद्र राम, मानिकचंद राम, दीपक कुमार सहित कई युवाओं को रखा गया है।

## छह को कांग्रेस का मिलन सह वनभोज कार्यक्रम

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्का विधानसभा स्तरीय मिलन सह वनभोज कार्यक्रम छह फरवरी को रेहला- बी मोड़ के बीच ग्रासिम इंडस्ट्रीज मोड़ के पास स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति रिसोर्ट में होगा। इसकी जानकारी वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अमृत शुक्ला ने खुद दी है। उन्होंने बताया कि इस मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में विश्रामपुर, पांडू,उ टारी व नवाबजार प्रखंड सहित विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे। अमृत शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि कार्यकर्ताओं को एकजुट रखते हुए उनका मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की रणनीति पर भी चर्चा होगी। कार्यक्रम के अंत में प्रेस वार्ता भी होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलन सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## डंडीला खुर्द में भगवान हनुमान जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार, नौ से 11 तक होगी प्राण प्रतिष्ठा

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में भगवान हनुमान का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। नौ से 11 फरवरी तक विशेष पूजा अर्चना होगी। इस दौरान भगवान हनुमान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान होगा। इसके लिए नौ फरवरी को कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जो मंदिर प्रांगण से शुरू होकर रेहला कोयल नदी तट जायेगी। जहां से श्रद्धालु कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे और कलश की स्थापना होगी इस दौरान कई और धार्मिक अनुष्ठान होगा। 11 फरवरी को महाभंडारे के साथ विशेष अनुष्ठान संपन्न होगा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की तैयारी जोरों पर है। मंदिर निर्माण के प्रणेता सेवानिवृत शिक्षक रामदास शुक्ला व उनके पुत्र अशोक शुक्ला ने बताया कि भगवान हनुमान जी का प्रतिमा काशी वाराणसी से आ चुका है। धार्मिक गुरुओं और पुरोहितों को प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया जा चुका है। दोनों ने आस पास के श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आग्रह किया है।

# ज्ञान निकेतन स्कूल में 10वीं के छात्रों को दी गयी विदाई

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** उमेश सिंह एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के बेलचंपा सह में रविवार को समारोह आयोजित कर 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम की



शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद समारोह का औपचारिक उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबूल, प्राचार्य दीपक तिवारी, वरीय शिक्षक अजीत तिवारी, विकास दीप चौबे, सुधाकर पांडेय, स्कूल के हेड बॉय हिमांशु कुमार व हेड गर्ल सिमरन सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निदेशक अमित सिंह ने बच्चों को बेहतर भविष्य और उच्च शिक्षा के लिए कई टिप्स दिया। उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को उपहार देते हुए उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया गया। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी, मौलाना लतीफ, विकास दीप चौबे, आभा चौबे,चंचल दीक्षित, प्रतिमा कुमारी, अंजली कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



**बजरंग दल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द की टीम ने बदरंगदल बेलौदर को हराकर सीरीज पर कब्जा जमाया। वहीं, पूर्व विधायक और पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों के उज्जवन भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।**

# पतरा खुर्द को हराकर डंडीला बना विजेता

## खेल से लोगों में एकता व अनुशासन का होता है विकास : कर्नल संजय

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डंडीला पंचायत अंतर्गत ग्राम हीरा सिकनी में युवा स्टार क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच डंडीला बनाम पतरा खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें पतरा खुर्द ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 125 रन बनाए। वहीं, लक्ष्य की पीक्षा करने उतरी डंडीला की टीम ने 19 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर ही जीत दर्ज कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, उप मुखिया ललीता देवी, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान ने संयुक्त रूप से किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि इस तरह के खेल के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है। मुझे खुशी होगी कि हुसैनाबाद क्षेत्र से कोई महेंद्र सिंह धोनी जैसा बन कर निकले। उन्होंने विजेता, उपविजेता व कमेटी के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर बुटन यादव, सत्यनारायण यादव, सुमित राजा, विजेंद्र यादव, कमेटी के सदस्य रमेश प्रजापति, देवेन्द्र कुमार, बुलू प्रजापति, संतोष पासवान, जितेंद्र कुमार राजवंशी, गनौरी रजवार आदि उपस्थित थे।

# बजरंग दल बेलौदर को हराकर पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द ने जमाया टूर्नामेंट पर कब्जा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** अररुआ खुर्द मीडिल स्कूल के मैदान में रविवार को बजरंग दल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बजरंग दल बेलौदर और पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द के बीच खेला गया। इससे पहले राजद प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय सिंह यादव और पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने संयुक्त फाइनल मुकाबले का उद्घाटन किया। बजरंग दल बेलौदर ने पहले बल्ले बाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 168 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी पहाड़ी मंदिर अररुआ खुर्द की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट खो कर ही लक्ष्य को हांसिल कर लिया और सीरीज पर कब्जा किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने विजेता और उपविजेता को मैच ऑफ द सीरीज देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि छोटे गांव के खिलाड़ी ही जिले, राज्य और देश स्तर पर खेल कर नाम रोशन करते हैं। खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि खेल भाई चारा और एकता का संदेश देता है। मौके पर राजद युवा नेता रवि कुमार यादव, चंदन बैठा, बुधन सिंह यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, रंजीत पासवान, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# धनबाद पहुंचे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का हुआ भव्य स्वागत, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

## 51 किलो का माला पहनाकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, मुख्यमंत्री ने कहा- हम पीछे हटने वालों में से नहीं हैं






**मुख्यमंत्री सहित दिग्गज नेताओं के आगमन को लेकर चप्पे-चप्पे पर था कड़ा पहरा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्य के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के रविवार को धनबाद पहुंचने पर डीसी वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने बरवाअड्डा हवाईअड्डा पर भव्य स्वागत किया। साथ ही हवाईअड्डा पर पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बताते चलें कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बरवाअड्डा हवाईअड्डे से रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड मैदान पहुंचे। जहां पार्टी के 52वें स्थापना दिवस पर आयोजित सभा को संबोधित किया। वहीं, मुख्यमंत्री सहित दिग्गज नेतओं के शहर में मौजूदगी पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का दिल से स्वागत किया। लगे हाथ झामुमो जिला कमेटी की ओर से 51 किलो के फूल की माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं। केंद्र की भाजपा सरकार के षड्यंत्र के बावजूद हम पीछे हटने वाले नहीं है। पूरे झारखंड के कार्यकर्ता हमारे साथ हैं। झामुम एक मजबूत पार्टी है और आगे भी रहेगी। अबुआ आवास सहित सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को एक-एक कर गिनवाया। हालांकि पत्रकारों ने जब उससे सवाल पूछना चाहा, तो वे बिना प्रेस वार्ता किये वहां निकल गए। इश मौके पर राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, केंद्रीय सदस्य नीलम मिश्रा और जिला महासचिव मन्नू आलम, जिला अध्यक्ष रतीलाल टुडू केंद्रीय सदस्य लक्ष्मी मुर्मू धरणीधर मंडल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीएम चंपाई सोरेन करेंगे गुरुजी के सपनों को साकार : महुआ माजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि लोकप्रिय चंपाई सोरेन के नेतृत्व में तमाम षडयंत्रों को विफल करते हुए झारखंड में हमारी सरकार बनी। छल-बल के साथ युवा आदिवासी नेता हेमंत शरण के साथ हुई साजिश से सभी मर्माहट है। भाजपा वाले खुद ही इसे गलत बता रहे हैं। अब नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गुरु जी के सपने को साकार करेंगे। पहली बार हो रहा है कि कई दशक के बाद हेमंत सोरेन हम लोग के बीच उपस्थित नहीं है। हमें उम्मीद है कि न्यायालय से उन्हें जल्द ही न्याय मिलेगा और वह हमारे बीच उपस्थित होंगे। वहीं, राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि राज्य के स्थिर सरकार को अ स्थिर करने का प्रयास किया गया। लेकिन झारखंड का शेर किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। हेमंत सोरेन अंदर जरूर है लेकिन आज हर कार्यकर्ता हेमंत सोरेन है भाजपा ने सरकार हथियाने के लिए हर हथकांडा अपनाया लेकिन हेमंत सोरेन ने जेल जाना पसंद किया विश्वास पर शर्मिंदा होने नहीं दिया। उन्होंने साबित किया कि वह शिबू सोरेन के बेटे हैं। केंद्र सरकार से पैसा नहीं मिलने पर भी उन्होंने योजनाओं को धरातल पर उतारा। सावित्रीबाई फुले योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम, राज्य के कंपनियों में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार जैसे कई काम किया।

इस दौरान जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन बाहर निकलेगा जैसे कई जोशीले नारे लगे। मौके पर राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा, केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, जिला सचिव मन्नू आलम मुकेश सिंह आदि हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी कार्य बर्दाश्त नहीं करेंगें : विनोद रवानी



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** विनोद कुमार रवानी ने रविवार को गिरिडीह सदर के एसडीपीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह ने उन्हें प्रभार सौंपा। इसके बाद अनिल सिंह ने विनोद कुमार रवानी को बुके देकर बधाई दी। वहीं, विनोद कुमार रवानी ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि सदर अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैर कानूनी कार्य नहीं चलने दिया जायेगा। गैर कानूनी कार्य करने वालों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## उपेक्षा का शिकार : सुनी रही बिनोद बाबू की प्रतिमा, जलेश्वर समर्थकों-लोगों में नाराजगी

# ताकते रहा जलेश्वर का काफिला, नहीं रुके राहुल गांधी

**कहा- लोगों की भावनाओं के साथ खेलना, निंदनीय, जनता सिखायेगी सबक**

समिद खान/सुनील भंडारी

### कार्यकर्ता पड़े कम तो अपने निजी स्कूल के बच्चों व शिक्षकों को उतारा सड़क पर : ढुल्लू महतो



**महुदा (आजाद सिपाही)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी का काफिला धनबाद जिले के विभिन्न रास्तों से होकर गुजरा। उनके स्वागत के लिए जिला कांग्रेस की ओर से बड़ी तैयारी की गयी थी। स्वागत हुआ भी, लेकिन इस दौरान एक विवाद ने भी जन्म ले लिया। राहुल गांधी पर झारखंड के आंदोलनकारियों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगा है। इससे स्थानीय लोगों के साथ ही कांग्रेस के एक धड़े में नाराजगी भी देखी जा रही है। बतातें चलें कि कांग्रेस कार्यकर्ता व समर्थक पिछले कई दिनों से राहुल गांधी के स्वागत को लेकर दिन-रात पार्टी के बैनर, पोस्टर व झंडे लेकर क्षेत्र को सजाने में जुटे थे। वहीं पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के नेतृत्व में बिनोद बिहारी स्मारक समिति ने महुदा मोड़ स्थित झारखंड आंदोलनकारी स्व बिनोद बिहारी महतो की आदमकद प्रतिमा को फूलों से सजाया था, ताकि राहुल गांधी वहां एक-दो मिनट रूक कर बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सकें। लेकिन कार्यकर्ताओं व लोगों का मन उस वक्त टूट गया। जब राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को महुदा पहुंची। राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता सहित बाघमारा के लोग उत्सुक दिखे, लेकिन कथित रूप से व्यवस्था ठीक नहीं होने के चलते राहुल गांधी चले गये और जलेश्वर महतो समर्थकों का काफिला ताकते ही रह गया। बिनोद बिहारी महतो की सजायी गयी आदमकद प्रतिमा के पास काफिला ही नहीं रूका। ना ही राहुल गांधी ने अभिवादन किया। जबकि राहुल गांधी के वाहन में जलेश्वर महतो खुद पीछे खड़े थे। अंततः निराश लोग स्मार पत्र देने के लिए खड़ी आंगनबाड़ी सेविका संघ की प्रतिनिधीमंडल को भी मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। इसे लेकर क्षेत्र में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के प्रति स्थानीय लोगों में काफी रोष है। दूसरी ओर भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने भी कटाक्ष किया है। कहा कि बिनोद बाबू झारखंड के महान आंदोलनकारी थे। उन्होंने झारखंड अलग राज्य के लिए पूरी तरह समर्पित होकर आंदोलन किया, पर दुर्भाग्य है कि बिनोद बाबू की आदमकद प्रतिमा पर राहुल गांधी ने माल्यार्पण तक नहीं किया। जलेश्वर महतो खुद विनोद बाबू के शिष्य रहे हैं। वे उनके ही आदर्शों को अपना कर राजनीति में आये और आज खुद राहुल गांधी के साथ बिनोद बाबू की प्रतिमा के नजदीक से गुजरे, पर माल्यार्पण करना मुनासिब नहीं समझा। उन्होंने कहा कि जलेश्वर महतो को कार्यकर्त्ता की कमी हुई तो अपने निजी स्कूली बच्चों व शिक्षकों को तख्ती देकर सड़क पर खड़ा कर दिया। यही नहीं, जलेश्वर महतो की अगुवाई में उक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ फिर भी बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण नहीं हुआ। इसके विपरीत बैंक मोड़ में रुक कर राहुल गांधी कुत्ते को बिस्कुट खिलाते हैं। वे इतना भी नहीं सोचें कि बिनोद बाबू एक महान पुरुष थे, उनके विचार महान थे। फिर भी उनका हमारे झारखंड के महापुरुषों का नजरअंदाज करना कहीं से भी उचित नहीं है। वहीं, बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के सदस्य कुलदीप ठाकुर ने कहा कि कई दिनों की तैयारी थी। उनके आने का समय था। वह आये, इस बीच क्षेत्र की महिलाएं-पुरुष उनके स्वागत के लिए कतारबद्ध खड़े रहे। हमें काफी दुःख हुआ कि वे रुके नहीं। कम-से कम उन्हें बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करना चाहिए था।






विधायक ढुल्लू महतो व बनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के सदस्य कुलदीप ठाकुर । तख्तियां लेकर राहुल गांधी के काफिले का इंतजार करते बच्चे व लोग।

## जैनामोड़ और पेटरवार में राहुल गांधी का भव्य स्वागत

- राहुल गांधी के आगमन व उनके गुजरने वाले मार्गों पर थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम
- डीइएसपी, बीडीओ, थाना प्रभारी दिखे मुस्तैद
- फोटो-सेल्फी के लिए उत्सक दिखे समर्थक-लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/पेटरवार।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी का काफिला रविवार को बेरमो को जैनामोड़ और पेटरवार को होकर गुजर। जहां अपने प्रिय नेता राहुल गांधी को देखने के लिए सड़क पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। राहुल गांधी का स्वागत बोकारो के जायका हॉल में बोकारो जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया। जरीडीह प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कांग्रेस के युवा अध्यक्ष कुमार गौरव सिंह के नेतृत्व में राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। मौके पर बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह भी उपस्थित रही। श्री राहुल का भव्य न्याय यात्रा रैली जैनामोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी चौक पर लगी प्रतिमा को नमन करते हुए आगे बढ़ी। वहीं, पेटरवार में तेनु चौक पर के पास राहुल गांधी का काफिला थोड़ी देर के लिए रुका, जहां उन्हें करीब से देखने और सेल्फी व फोटो लेने के लिए भीड़ उनके पीछे दौड़ पड़ी।

## सांसद व विधायक ने किया गोमिया पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया/चतरोचट्टी।** गोमिया पंचायत क्षेत्र में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रविवार को करोड़ो रुपये की लागत से बनने वाली गोमिया एवं पलिहारी गुरूडीह पंचायत के संयुक्त पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया। मौके पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिपसदस्य सुरेंद्र राज, प्रमुख प्रमिला चौड़े पंसस सुशीला देवी, जनकदेव यादव, मुखिया बलराम रजक, मुखिया सपना कुमारी, मुखिया कंडाबेर दिनेश साव उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक और सांसद को 21 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं डाक बंगला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज महिलाओं की उपस्थिति बता रही है कि यहां पेयजल की कितनी बड़ी समस्या है। इसका समाधान जल्द हो जायेगा, जिसकी शुरूआत हो चुकी है। यह करीब पांच करोड़ रुपये की लागत की योजना है, जो लगभग छह महीने में पूरा हो जायेगा और पेयजल की समस्या से निजाद मिल जायेगी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि दो डैमों के बीच में गोमिया का क्षेत्र है सिर्फ नाकारात्मक राजनीति के कारण यह क्षेत्र पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से बंचित रहा। मैं संवेदक और पदाधिकारियों से भी कहूंगा कि गुणवत्ता के साथ काम को शीघ्र पूरा करें। कहा कि गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के जरुरतमंदो को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं विधायक ने कहा कि इस गांव में पानी की समस्या बरसों से है। ग्रामीणों की मांग पर इस योजना की स्वीकृति मेरी अनुशंसा पर हुई है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है, ताकि आने वाले दिनों में लोगों को पेयजल की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संघर्षपूर्ण योगदान के साथ-साथ इस काम में अपने प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार की भी सराहना की। वहीं, जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, प्रमुख प्रमिला चौड़े, मुखिया बलराम रजक, मुखिया सपना कुमारी ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी दुलाल प्रसाद व धन्यवाद ज्ञापन रोहित यादव ने किया। मौके पर जिप सदस्य सह आजसू नेता अमरदीप महराज, चितरंजन साव, मालती देवी आदि मौजूद थे।

## आश्वासन: मासस जिला कमेटी की बैठक

# मासस को मौका मिला, तो धनबाद में होगा विकास : जगदीश रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता



मासस की बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेता-पदाधिकारी।

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) जिला कमेटी की बैठक रविवार को पुराना बाजार के टेंपल रोड स्थित मासस के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान और संचालन दिलीप महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो के अलावा पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मासस धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी जगदीश रवानी उपस्थित थे। पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि वर्तमान में देश की राजनीति में भारी परिवर्तन के लक्षण देखे जा रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी सामाजिक और परिवारिक संबंध दिन पर दिन टूटते जा रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है। वह भाजपा की जन विरोधी नीतियों से पूरी तरह से त्रस्त है। वहीं, जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद के सांसद लंबे समय से सिर्फ जनता को गुमराह करते रहे हैं। अगर धनबाद संसदीय क्षेत्र की जनता ने मुझे मौका दिया तो मैं आने वाले दिनों में यहां की आवाज बनुंगा। वहीं, मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को मासस पूरे दामखम के साथ धनबाद में लड़ेगी और पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करेगी। वहीं, मायुमो के जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि किसी भी परिवर्तन का अगवा दस्ता युवा वर्ग ही होता है। मार्क्सवादी युवा मोर्चा यह विश्वास दिलाता है कि धनबाद जिला की आम जनता को विकास और न्याय से अवगत करायेगी। मौके पर मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, दिल मोहम्मद, सुभाष चटर्जी, सुभाष सिंह, महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, सचिव विजय पासवान, टूटन मुखर्जी, मुमताज अंसारी, नरेश पासवान, मोहम्मद अख्तर, राणा चटराज, संतोष रवानी, हीरालाल महतो, मुक्तेश्वर महतो, हेमलता देवी, ललिता देवी, राकेश सिंह, आरिफ अंसारी, सारथी मंडल, मनीष यादव, राकेश सिंह, अरविंद तिवारी, अजय महतो, सुरेश पासवान, मोहम्मद औरंगजेब, विश्वजीत राय, राजेश बिरुआ, भोला ताम्रकार, वेद प्रकाश सिंह, टुन्नू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## झारखंड के विकास के लक्ष्य को पूरा करने का आजसू ही एकमात्र विकल्प: सचिन महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



आजसू के मिलन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बोकारो।** चास प्रखंड के बाधाडीह पंचायत के निचितपुर में आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न दलों के युवाओ ने पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए आजसू की सदस्यता ग्रहण की। मिलन समारोह की अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय सदस्य सुरेश रजवार और संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार महतो व प्रखंड अध्यक्ष परसशुराम महतो ने किया। वहीं, बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि राज्य की दिशा को गति देने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। इस राज्य के समुचित विकास और युवाओं के रोजगार के साथ ही क्षेत्र की मूल भूत सुविधा पाने के लिए संघर्ष करना होगा। संघर्ष से जब क्षेत्र का विकास होगा, तभी इस राज्य का विकास होगा। आजसू इन्हीं विषयों को लेकर चर्चा करती है। राज्य की वर्तमान सरकार अपने वायदों को भूल चुकी है और हर दिन युवाओं को ठगने का कार्य करती है। आजसू ही एकमात्र विकास के विजन का विकल्प है। वहीं, प्रखंड प्रभारी सह केंद्रीय सचिव जयलाल महतो उर्फ जैली ने कहा कि आजसू युवाओं का राजनीतिक संगठन है। ये पार्टी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां कुछ सीखने-समझने और करने का अवसर मिलता है। वहीं, पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय चक्रवर्ती ने कहा कि आजसू से कई लोग प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। इस दौरान आजसू में शामिल होने वालों में लालू गिरी, मुरारी गिरी, इंद्रजीत ओझा, युधिष्ठिर महतो, राकेश महतो, धनेस्वर गिरी, सपन महतो, शिबू महतो, बिनोद हाजरा, शिबू हाजरा, गणेश महतो, दीपक महतो आदि थे। मौके पर जिला सचिव विकास महथा, चास नगर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंकू बिहारी सिंह, उपाध्यक्ष अभय शर्मा, सेवानिवृत शिक्षक निरंजन रजवार, रमेश सिंह, सरजू महतो आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने पहले विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन का उद्घाटन किया

# एक उड़िया के रूप में मुझे गर्व है : नवीन पटनायक

- देवीप्रसन्न को पहला उड़िया भाषा सम्मान मिला है

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** बंदे उत्कल जननी गीत के गायन के साथ उड़िया भाषा की आन-बान और शान उड़िया भाषा महोत्सव की शुरूआत किया गया। शनिवार को प्रथम विश्व ओड़िशा भाषा सम्मेलन का आयोजन जनता मैदान, भुवनेश्वर में किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उड़िया भाषा जगत के कई प्रतिष्ठित लेखकों, साहित्यकारों और कवियों की उपस्थिति में इस भाषा महाकुंभ का शुभारंभ किया। इसके साथ उड़िया भाषा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

भाषा सम्मेलन में उड़िया भाषा प्रमुखता प्राप्त कर रही है। ए से एल अक्षर उड़िया भाषा का परिचय दिया है। अतीत, वर्तमान और भविष्य को दशार्ता है। उड़िया भाषा और लिपि की उत्पत्ति और विकास को प्राचीन प्रस्तर के शिलालेखों, तांबे की प्लेटों, ताड़ के पत्तों, पोथी, कलिंग शैली की मंदिर वास्तुकला और ओडिशा के समुद्री व्यापार से संबंधित कलाकृतियों के सुंदर चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। ये सब नई पीढ़ी के लिए उड़िया भाषा के इतिहास के बारे में जानने का अवसर लेकर आये है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिकबि सारला दास को सम्मान देने के साथ उड़िया भाषा का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया । प्रथम भाषा पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर देवी प्रसन्न पटनायक ने कहा कि यह पुरस्कार उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति का सम्मान है। हालांकि पहला उडिया भाषा सम्मेलन भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। इसके अलावा , सम्मेलन ने 4 देशों के भाषा विशेषज्ञों सहित 100 से अधिक विद्वानों को एक साथ लाया है । हजारों स्कूली छात्रों ने भाषा महाकुंभ का दौरा किया है।

## छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र आज से

# प्रदेश के विकास की दिशा इस सत्र से तय होगी : डॉ रमन सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने रविवार को विधानसभा में पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने आगामी बजट सत्र को लेकर जानकारी दी साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधान सभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र) 5 फरवरी से 1 मार्च तक आहूत किया गया है। छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का द्वितीय सत्र, नव वर्ष 2024 का प्रथम विधानसभा सत्र है। प्रदेश की नयी सरकार का बजट भी इस सत्र में प्रस्तुत होने जा रहा है और सरकार के बजट के अनुसार प्रदेश के विकास की दिशा तय होती है। साथ ही केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को लेकर उन्होंने कहा कि हालही में केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार का 47.66 लाख करोड़ का अंतरिम बजट आया है। इसमें अंत्योदय की भावना, विकसित भारत का संकल्प और नयी सदी का आत्मनिर्भर भारत साफ दिखायी दे रहा है।

विधानसभा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने को लेकर उन्होंने कहा कि देश अब विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमारा प्रयास है कि हमारा छत्तीसगढ़ विधानसभा भी नयी तकनीकों और कुछ नयी परंपराओं से जुड़ कर एक विकसित विधानसभा के रूप में अपनी पहचान स्थापित करे।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे कि सदन को पेपरलेस बनाया जाये। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ 2025 में 25 वर्ष का होने जा रहा है और हमारा प्रयास होगा कि जब हमारा छत्तीसगढ़ 25 वर्ष का हो तो हम नये विधानसभा में प्रवेश कर जायें। बजट सत्र की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पहले निधन उल्लेख किया जायेगा, जिसके बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन, चर्चा एवं पारण की कार्यवाही होगी। इसके पश्चात तिथिवार वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा एवं विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद निर्धारित तिथि को आय-व्ययक की मांगों से संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा एवं पारण होगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि इस सत्र के लिए सदस्यों से 2 फरवरी, पूर्वाह्न की स्थिति में प्राप्त प्रश्नों की कुल 2262 सूचनायें प्राप्त हुई हैं, इनमें तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1134 है एवं अतारांकित प्रश्नों की कुल संख्या 1128 है।

# विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर सोआ में 'बंदे उत्कल जननी' गाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रथम विश्व ओडिशा भाषा सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को भुवनेश्वर के जनता मैदान में हुआ। 3 से 5 फरवरी तक यहां आयोजित होने वाले पहले विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर और राज्य सरकार के निमंत्रण पर शनिवार को शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सो) में 'बंदे उत्कल जननी' गाया गया। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर मंजुला दास, रजिस्ट्रार प्रोफेसर विभूति भूषण प्रधान, जंगेट रजिस्ट्रार श्री भीष्म चरण दास, प्राचीन के प्रमुख डॉ. गायत्रीबाला पंडा और सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में 'बंदे उत्कल जननी' सोआ यूनिवर्सिटी के मुख्य कार्यालय में गाया। इसके साथ ही सोआ के कैंपस-5 स्थित स्टेडियम में यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने भी ये गाने गाये। इसमें छात्रमंगल के डीन प्रोफेसर ज्योति रंजन दास, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) के डीन प्रोफेसर अनूप सामंतराय, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एसपीएस) के डीन प्रोफेसर सुदाम चंद्र सी, इंस्टीट्यूट ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ पीसी दास एवं खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता बर्मा ने उपस्थित होकर यह गीत गाया। 'बंदे उत्कल जननी' को सोआ के अन्य शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों के कर्मचारियों द्वारा भी गाया गया है।

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विधानसभा में भाषा आइन पुस्तक का विमोचन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक में विधानसभा में 1948 में प्रस्तावित भाषा अधिनियम की चर्चा से लेकर 1954 के भाषा अधिनियम के पारित होने और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा विधानसभा में भाषा अधिनियम 2018 के संशोधन तक की सभी चर्चाएं और जानकारी शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा के सुधार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि उड़िया भाषा की रक्षा करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में इस क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा करने के लिए सरकारी स्तर पर प्रयास जारी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सभी भाषा बोलने वाले क्षेत्रों को एक साथ लाएगा और ओडिशा के विकास में भागीदार बनेगा। पुस्तक का संपादन भाषा आंदोलन के संस्थापक पवित्र महरथा द्वारा किया गया है और इसे शब्दस्पर्ष प्रकाशन संस्था ने प्रकाशित किया है।

## हस्तशिल्प परिधानों को बढ़ावा देनेवाली निकिता मेहरा ने खोला नजरिया आउटलेट



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** संबलपुर के सरलाकानी, सिटी स्टेशन रोड,में दिल्ली की हस्तशिल्प और सजावट ब्रांड 'नाजरिया का शनिवार को खोला गया है। एमसीएल की जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा ने आउटलेट नजरिया का शुभ उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य भारतीय हस्तशिल्प परिधानों को बढ़ावा देना है। उन्होंने जानकारी दी कि भारतीय बुनकरों और कारीगरों को बढ़ावा देने वाली निकिता मेहरा, जो कि पेशे में वकील है, ने फैशन उद्यमी बनीं है।

# धनवार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह और अन्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने की। बैठक के दौरान आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की गयी। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश आगे की ओर अग्रसर है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घरों में पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि सबको योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ दिलायें। वहीं पार्टी द्वारा महादेव दुबे को दुबारा जिला अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। इसको लेकर भाजपाइयों ने श्री दुबे को बधाई दी। बधाई देने में घोड़थंबा मंडल अध्यक्ष महेंद्र चौधरी महेंद्र , प्रद्युम्न वर्मा, नकुल राय,पवन साव, श्रीकांत राय, श्याम कुमार, पवन सिंह, उपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# उड़िया के विकास के लिए सभी के सहयोग की जरूरत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** उड़िया ने छठी भारतीय भाषा के रूप में शास्त्रीय दर्जा हासिल कर लिया है। इस भाषा को विकसित करना सभी का दायित्व है। वक्ताओं का मानना है कि रविवार को यहां उड़िया भाषा, साहित्य एवं संस्कृति पर चर्चा में सहयोग की जरूरत है।

ओड़िशा सरकार के उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग द्वारा शनिवार से शुरू हुए तीन दिवसीय प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) में उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति पर रविवार को दो दिवसीय चर्चा कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ओड़िशा सरकार के संसदीय कार्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी ने कहा कि उड़िया भाषा की एक मजबूत विरासत और परंपरा है और ओड़िशा को 1936 में एक भाषा आधारित राज्य के रूप में मान्यता दी गयी थी।

मंत्री पुजारी ने कहा कि राज्य सरकार ने इस तीन दिवसीय विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन का आयोजन युवा उड़िया और विशेष रूप से राज्य या देश के बाहर रहने वालों के बीच उड़िया भाषा में रुचि पैदा करने और उन्हें अपनी मातृभाषा के बारे में जागरूक करने और उन्हें इस पर गर्व महसूस कराने के उद्देश्य से किया है। श्री पुजारी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की दूरदर्शिता को दर्शाता है। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक ने इस अवसर पर मंत्री पुजारी को अभिनंदन किया।












# आइओबी की सुंदरपदा शाखा के कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र और नयी शाखा का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** इंडियन ओवरसीज बैंक की सुंदरपदा शाखा के नये परिसर और कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में ओडिशा ग्राम्य बैंक के अधक्ष रिसि सिंह और आइओबी भुवनेश्वर क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख गौरव भारद्वाज उपस्थित थे। बाद में श्रीवास्तव ने बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न शाखा प्रबंधकों को संबोधित किया।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**